# माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र., भोपाल

# आदर्श प्रश्न–बैंक

## कक्षा – XI

## विषय – हिन्दी सामान्य

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र., भोपाल

(द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित)

# अनुक्रमणिका

## हिन्दी सामान्य

### कक्षा – XI

### (निर्धारित पाठ्यपुस्तक–मकरन्द)



| अ.क्र. | विषय सामग्री | पृष्ठ क्रमांक (....से ..... तक) |
|---|---|---|
| 01. | **पाठ्यक्रम आधारित ब्लू–प्रिन्ट** | **01** |
| 02. | **पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न**<br>पद्य खण्ड एवं खद्य खण्ड से (वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्न) | **02–57** |
| 03. | **हिन्दी साहित्य का इतिहास**<br>कहानी एवं एकांकी का विकास क्रम (वस्तुनिष्ठ एवं लघुउत्तरीय प्रश्न) | **58–61** |
| 04. | **व्याकरण**<br>**भाषा बोध**– शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, संधि–समास, भिन्नार्थक और अनेकार्थी शब्द, विलोम–पर्यायवाची, वाक्यांश के लिये एक शब्द, वाक्य अशुद्धि संशोधन, वाक्य परिवर्तन, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (वस्तुनिष्ठ एवं लघुउत्तरीय प्रश्न), भाव पल्लवन (लघुउत्तरीय प्रश्न) | **62–90** |
| 05. | **अपठित बोध**–<br>1. पद्यांश– शीर्षक, सारांश एवं प्रश्न<br>2. गद्यांश– शीर्षक, सारांश एवं लेखन (दीर्घउत्तरीय प्रश्न) | **91–97** |
| 06. | **पत्र लेखन** | **98–100** |
| 07. | **निबंध लेखन** | **101–102** |

# प्रश्न–पत्र ब्लूप्रिन्ट

**कक्षा : XI** **परीक्षा : हायर सेकेण्डरी** **पूर्णांक : 100**

**विषय : हिन्दी सामान्य** **समय : 3 घंटे**

| स. क्र. | इकाई | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक | अंकवार प्रश्नों की संख्या 4 अंक | 5 अंक | 10 अंक | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **पद्य खण्ड–** पद्यांश की व्याख्या, सौंदर्य बोध एवं विषयवस्तु पर प्रश्न | 25 | 8 | 3 | 1 | – | 4 |
| 2. | **गद्य खण्ड–** अर्थग्रहण एवं विषयवस्तु पर प्रश्न | 25 | 8 | 3 | 1 | – | 4 |
| 3. | **हिन्दी साहित्य का इतिहास–** कहानी एवं एकांकी विकासक्रम | 5 | 1 | 1 | – | – | 1 |
| 4. | **व्याकरण भाषा बोध–** **भाषा बोध**– शब्द निर्माण, उपसर्ग, प्रत्यय, संधि, समास, विलोम, पर्यायवाची, भाव पल्लवन/भावविस्तार, मुहावरे/लोकोक्तियाँ | 20 | 8 | 3 | – | – | 3 |
| 5. | **अपठित बोध** गद्यांश एवं पद्यांश | 10 | – | – | 2 | – | 2 |
| 6. | **पत्र–लेखन** | 5 | – | – | 1 | – | 1 |
| 7. | **निबंध–लेखन** | 10 | – | – | – | 1 | 1 |
| | **योग–** | **100** | **(25) =5** | **10** | **5** | **1** | **16+5 =21** |

**निर्देश :– वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रश्न–पत्र के प्रारंभ में दिये जायेंगे।**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे जिसके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर, मेचिंग, सही विकल्प तथा सत्य–असत्य का चयन आदि के प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।
2. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में विकल्प का प्रावधान रखा जाये। यह विकल्प समान इकाई से तथा यथासंभव समान कठिनाई स्तर वाले होने चाहिए।

**नोट–** प्रश्न–पत्र को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से तथा प्रश्न–पत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश करने के लिए अंकों का समायोजन (पत्र–लेखन, अपठित एवं निबंध को छोड़कर) अन्य इकाइयों से किया गया है।

# पाठ–I

# तुलसीदास

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) तुलसीदास का जन्म ––––– ग्राम में हुआ था। (राजापुर / साजापुर)

(ब) तुलसीदास ––––– थे। (कवि / लेखक)

(स) तुलसीदास की अधिकांश रचनाएँ ––––– में हैं। (अवधी / खड़ी बोली)

(द) ––––– की भावना तुलसी के काव्य में मुख्य रूप से है। (लोककल्याण / स्वार्थपरता)

(इ) 'कवितावली' में ––––– रस की प्रधानता है। (श्रृंगार / वात्सल्य)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) बालक राम किसकी जिद कर रहे हैं?

(ब) तुलसीदास की माता का क्या नाम था?

(स) तुलसीदास ने किस महाकाव्य की रचना की थी?

(द) तुलसीदास किसके भक्त थे?

(इ) किसकी फटकार से तुलसीदास के मन में विरक्ति उत्पन्न हुई?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | तुलसीदास की पत्नी का नाम | काशी |
| (ब) | तुलसीदास का जन्म स्थान | रत्नावली |
| (स) | तुलसीदास की माता का नाम | हुलसी |
| (द) | तुलसीदास का निधन स्थल | पंडित शेष सनातन |
| (इ) | तुलसीदास के शास्त्रीय गुरू | राजापुर |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) रामचन्द्रजी चन्द्रमा देखकर डरते नहीं है।

(ब) राजा दशरथ के पाँच पुत्र थे।

(स) माताएँ बच्चों की क्रीड़ा को देखकर प्रसन्न हो रही हैं।

(द) कवि तुलसीदास ने अवधी में 'रामचरितमानस' महाकाव्य की रचना की है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) इनमें से किस ग्रंथ में पारिवारिक मर्यादा का सर्वोत्तम उदाहरण देखने को मिलता है–

(1) गीता (2) कामायनी (3) रामचरितमानस (4) महाभारत

(ब) राम की बाललीला के पद किस रचना में संकलित हैं–

(1) कवितावली (2) गीतावली (3) रामचरितमानस (4) विनयपत्रिका

(स) बालक राम नाचते हैं–

(1) ताली बजाकर (2) थाली बजाकर

(3) घुंघरू पहनकर (4) ढोलक बजाकर

(द) तुलसीदास की भक्ति पद्धति है–

(1) दास्यभाव (2) सखाभाव (3) पितृसेवा (4) इष्टभाव

(इ) विश्वस्तर के ग्रंथों में गणना की जाती है–

(1) रामचरितमानस की (2) विनयपत्रिका की

(3) कवितावली की (4) गीतावली की

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. बालक राम की सुन्दरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
2. बालक राम की जिद क्या है? वे क्या लेना चाहते हैं।
3. बालक राम की वेशभूषा का वर्णन कीजिए।
4. बालक राम की दन्त पंक्ति की उपमा किससे की गयी है? दाँतों की सुन्दरता का वर्णन कीजिए।
5. कवि ने जीवन की सार्थकता किसमें बताई है?
6. ''कवितावली'' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।
7. बालक राम किसे देखकर डर जाते हैं? बालकों की स्वाभाविक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
8. माताएँ, बालकों की किस प्रकार क्रीड़ायें देखकर आनंदमग्न हो जाती हैं?
9. वात्सल्य सम्राट किसे कहा जाता है?
10. वात्सल्य सम्राट और तुलसीदास के पदों की तुलना कीजिए।
11. बालक राम के मुखमण्डल की छवि का वर्णन कीजिए।
12. 'तुलसीदास की भक्ति पद्धति दास्यभाव की थी।' इसका क्या अर्थ है?
13. तुलसीदास के अनुसार किस व्यक्ति का जीवन सार्थक है और क्यों?
14. 'कवितावली' में किस रस की प्रधानता है? इस कविता का केन्द्रीय भाव क्या है?
15. 'तुलसी, व्यापक मानवीयता के कवि हैं।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–**

16. अवधेस के द्वारे सकारे गई सुत गोद कै भूपति लै निकसे।
अवलोकि हौं सोच बिमोचन को ठगि–सी रही, जे न ठगे धिक से।।
तुलसी मन–रंजन रंजित–अंजन नैन सुखंजन–जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै नवनील सरोरुह से बिकसे।।

17. तनकी दुति स्याम सरोरूह लोचन कंज की मंजुलताई हरैं।
अति सुंदर सोहत, धूरि भरे छबि भूरि अनंग की दूरि धरैं।।
दमकैं दँतियाँ दुति दामिनी–ज्यौं किलकैं कल बाल–बिनोद करैं।
अवधेस के बालक चारि सदा तुलसी–मन–मंदिर में बिहरैं।

18. कबहूँ ससि माँगत आरि करैं, कबहूँ प्रतिबिंब निहारि डरैं।
कबहूँ करताल बजाइकै नाचत मातु सबै मन मोद भरें।।
कबहूँ रिसिआई कहैं हठिकै पुनि लेत सोई जेहि लागि अरैं।
अवधेस के बालक चारि सदा तुलसी मन मंदिर में बिहरैं।।

19. पदकंजनि मंजु बनीं पनहीं धनुहीं सर पंकज–पानि लिएँ।
लरिका संग खेलत डोलत हैं सरजू तट चौहट हाट हिएँ।।
तुलसी अस बालक सों नहिं नेहु कहा जप जोग समाधि किएँ।
नर वे खर सूकर स्वान समान कहौ जगमें फलु कौन जिएँ।।

———0———

## पाठ–2

# शिक्षा

## (स्वामी विवेकानंद)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम –––––– था। (नगेन्द्र / नरेन्द्र)

(ब) विवेकानंद का जन्म –––––– में हुआ था। (1863 / 1865)

(स) विवेकानंद के गुरू का नाम –––––– था। (स्वामी दयानंद सरस्वती / रामकृष्णपरमहंस)

(द) विवेकानंद ने पाश्चात्य देशों में –––––– का प्रचार–प्रसार किया। (भारतीय संस्कृति / भारतीय परम्पराओं)

(इ) –––––– की स्थापना विवेकानंद ने की थी। (रामकृष्ण मठ / शंकराचार्य मठ)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) विश्व धर्म परिषद कहाँ हुई थी?

(ब) विवेकानंद का निधन कब हुआ?

(स) विश्व का असीम ज्ञान किसके मन में समाहित है?

(द) विवेकानंद के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य क्या है?

(इ) विवेकानंद के अनुसार कौन से विचार हमें लोगों के सामने रखना चाहिए?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | शिक्षा का उद्देश्य | गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत |
| (ब) | वैज्ञानिक न्यूटन | शिकागों में |
| (स) | ज्ञान का मूल उद्‌गम स्थल | चारित्रिक विकास |
| (द) | विश्व धर्म परिषद् | मन |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) भारत देश में अन्न का अक्षय भंडार नहीं रहा है।

(ब) निषेधात्मक विचार लोगों को दुर्बल बना देते हैं।

(स) माता–पिता के अनुचित दवाब के कारण हमारे बालकों को विकास के उचित अवसर प्राप्त होते हैं।

(द) मनुष्य की आत्मा से ही ज्ञान का उदय होता है।

(इ) स्वामी विवेकानंद शिकागों को महान् बनाना चाहते थे।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः—**

(अ) स्वामी विवेकानंद के अनुसार प्रत्येक भारतीय है—

(1) मेरा भाई (2) मेरा पिता (3) मेरा बेटा (4) मेरा पुत्र

(ब) विवेकानंद के अनुसार शिक्षा—

(1) मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है

(2) मनुष्य की बाहरी शक्ति है

(3) रोजगार मूलक है

(4) केवल पुस्तकीय ज्ञान है

(स) रामकृष्ण मठ की स्थापना का उद्देश्य युवाओं को बनाना था—

(1) प्रतिभाशाली (2) प्रज्ञावान

(3) लड़ने में प्रवीण (4) शक्तिशाली

(द) रामकृष्ण परमहंस गुरू थे—

(1) टैगोर के (2) विवेकानंद के

(3) महात्मा गांधी के (4) लाल बहादुर शास्त्री के

(इ) हमें ऐसी शिक्षा चाहिए—

(1) जिससे चरित्र बने (2) बुद्धि का विकास हो

(3) मनुष्य स्वावलम्बी हो (4) उपर्युक्त सभी

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एक पांच अंक)

1. शिक्षा मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करने में किस प्रकार सहायक है?
2. 'मनुष्य निर्माण' अथवा 'जीवन निर्माण' से लेखक का क्या तात्पर्य है?
3. शिक्षा में शिक्षक की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए।
4. 'कार्य को पूजा की भावना से करना चाहिए।' इन कथनों को स्पष्ट कीजिए।
5. 'स्वाधीनता' विकास की पहली शर्त है।' स्पष्ट कीजिए।
6. विवेकानंद ने आविष्कार का क्या अर्थ बतलाया है?
7. ज्ञान का मूल उद्‌गम क्या है? स्पष्ट कीजिए।
8. सुधार के लिए बलात् उद्योग करने का परिणाम सदैव उल्टा ही क्यों होता है?
9. ज्ञानी और अज्ञानी में मूलभूत अन्तर स्पष्ट कीजिए।
10. 'तुम केवल बाधाओं को हटा सकते हो और ज्ञान अपने स्वाभाविक रूप में प्रकट हो जाएगा'। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
11. 'मातृभाषा ही सर्वश्रेष्ठ है।' इस कथन के संबंध में आपका अभिमत क्या है?

12. 'जो शिक्षा जनसमुदाय को जीवन संग्राम के उपयुक्त नहीं बनाती, उसे हम क्या शिक्षा का नाम दे सकते हैं?' इस कथन के तारतम्य में अपने विचार लिखिये।
13. 'विद्यार्थी को उसकी प्रवृत्तियों के अनुसार मार्ग दिखाना चाहिए।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
14. 'अन्तस्थ दिव्य ज्योति बहुतेरे मनुष्यों में अवरुद्ध रहती है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
15. सारे प्रशिक्षणों का अंतिम ध्येय क्या है? शिक्षा से वास्तविक आशय क्या है?

———0———

# पाठ–3

# दो बैलों की कथा

(मुंशी प्रेमचंद)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) उपन्यास सम्राट –––––– को कहा जाता है। (कबीर / प्रेमचन्द)

(ब) प्रेमचन्द जी का वास्तविक नाम –––––– था। (मुंशीजी / धनपतराय)

(स) प्रेमचन्द के साहित्य का मूल स्वर –––––– है। (विद्रोह / समाज सुधार)

(द) प्रेमचन्द की जन्म स्थली –––––– ग्राम है। (लमही / राजापुर)

(इ) प्रेमचन्द का –––––– कहानी संग्रह ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित था। (अवहेलना / सोजे वतन)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) प्रेमचंद का कहानी संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ?

(ब) प्रेमचंद ने किस भाषा में सबसे पहले लिखना प्रारम्भ किया था?

(स) झूरी के बैलों का नाम क्या था?

(द) दोनों बैलों में साथ–साथ रहते–रहते क्या हो गया था?

(इ) प्रेमचंद के साहित्य का मूल स्वर क्या था?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) झूरी | ''कैसे नमकहराम बैल है'' |
| (ब) बालिका | ''हमारा घर नगीच आ गया।'' |
| (स) मजूर | ''दोनों फूफा वाले बैल भागे जावे हैं'' |
| (द) झूरी की पत्नी | ''मालकिन मुझे मार ही डालेगी'' |
| (इ) मोती | ''चारा मिलता तो क्या भागते?'' |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) प्रेमचंद ने 'कफन' कहानी लिखी थी।

(ब) झूरी बैलों को देखकर क्रोधित हो गया।

(स) प्रेमचंद का 'सोजे वतन' ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया।

(द) प्रेमचंद के साहित्य का स्वर सांस्कृतिक था।

(इ) झूरी की स्त्री ने बैलों को नमकहराम कहा।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) प्रेमचंद का अधोलिखित उपन्यास नहीं है–

(1) गबन (2) गोदान (3) कफन (4) रंगभूमि

(ब) दोनों बैलों ने भूसा नहीं खाया क्योंकि–

(1) सब बेगाना लग रहा था (2) भूख नहीं थी

(3) भूसा अच्छा नहीं था (4) उपर्युक्त सभी।

(स) भैरों की लड़की को बैलों से आत्मीयता हो गयी थी क्योंकि वह बैलों को–

(1) रोटी देती थी (2) भूसा देती थी

(3) चारा देती थी (4) पानी देती थी।

(द) झूरी, बैलों को देखकर गद्गद् हो गया क्योंकि–

(1) उसे बैलों से स्नेह था (2) वे स्वस्थ दिख रहे थे

(3) बैल पहली बार देखे थे (4) वे वापस आ गये थे।

(इ) प्रेमचंद का साहित्य है–

(1) यर्थाथवादी (2) आदर्शवादी (3) समाजवादी (4) सामंतवादी

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. गोई को झूरी ने कहाँ भेज दिया था और क्यों?
2. गया के घर जाकर दोनों बैलों ने नाँद में मुँह क्यों नहीं डाला?
3. गोई को ले जाते समय गया को पसीना क्यों आ गया?
4. बैलों ने आजाद होने के लिए क्या किया?
5. बैलों को नीलाम क्यों कर दिया गया?
6. गया के घर से भाग आने पर बैलों के साथ कैसा व्यवहार किया गया?
7. 'दो बैलों की कथा' कहानी की सार्थकता लिखिए।
8. हीरा–मोती के पारस्परिक प्रेम का वर्णन कीजिए।
9. भैरों की लड़की को बैलों से आत्मीयता क्यों हो गयी थी?
10. दोनों बैल दढ़ियल आदमी को देखकर क्यों काँप उठे?
11. 'दो बैलों की कथा' में पशुओं के साथ किये जाने वाले क्रूरता व दुर्व्यवहार का उल्लेख है और मनुष्य के व्यवसायगत उपयोगितावादी दृष्टिकोण को प्रकट करता है। स्पष्ट कीजिए।
12. नए स्थान पर पहुँचे बैलों की क्या प्रतिक्रिया थी?
13. झूरी के पास बैल वापस आने पर उपस्थित दृश्य का चित्रण कीजिए।
14. 'पशुओं के साथ हमें आत्मीय व्यवहार करना चाहिए।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
15. दूसरे दिन झूरी के साले ने बैलों को ले जाकर, उनके साथ कैसा व्यवहार किया?

———0———

# पाठ–4

# ग्रामश्री

(सुमित्रानंदन पंत)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) पंतजी का जन्म वर्ष ——— में हुआ था। (1900 / 2000)

(ब) 'कला और बूढ़ा चाँद' कृति के लिए पंतजी को ——— पुरस्कार प्रदान किया गया। (साहित्य अकादमी / भारतीय ज्ञानपीठ)

(स) पंतजी का बचपन ——— की गोद में बीता। (कृत्रिमता / प्रकृति)

(द) 'लोकायतन' ——— की रचना है। (पंत / प्रसाद)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?

(ब) पंत की किस रचना पर उन्हें भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया?

(स) हरे–हरे तिनके कैसे दिखाई दे रहे हैं?

(द) गंगा की सतरंगी रेती कैसी दिखाई दे रही है?

(इ) पंत जी ने किससे प्रभावित होकर बीच में ही कालेज छोड़ दिया था?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) हरियाली | सरसों के |
| (ब) आम | मखमल के समान कोमल |
| (स) गेहूँ | बौर |
| (द) नीले रंग की | बालियाँ |
| (इ) पीले रंग के फूल | तीसी |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) पंतजी की रचनाओं में भक्ति को प्रधानता दी गई है।

(ब) पंतजी ने ग्राम की तुलना मरकत डिब्बे से की है।

(स) खेतों में मखमल के समान कोमल हरियाली दिखाई दे रही है।

(द) पंतजी का वर्ष 1977 में निधन हुआ।

(इ) पंतजी, प्रयोगवाद के प्रमुख कवि थे।

5. **निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) 'भू पर आता ज्यों उतर गगन' से अभिप्राय है–

(1) भू पर आकाश आ गया है

(2) धरती और आकाश का मिलन हो रहा है

(3) चारों ओर घना कोहरा छा जाता है

(4) उपर्युक्त सभी

(ब) पंत की रचना नहीं है–

(1) ग्राम्या (2) बूढ़ा चाँद

(3) चाँद का मुँह टेढ़ा है (4) लोकायतन

(स) छायावादी काव्य के कीर्ति स्तम्भ कवि हैं–

(1) प्रसाद (2) पंत (3) निराला (4) दिनकर

(द) कोयल मतवाली हो गयी है–

(1) बसंत ऋतु के आगमन पर (2) आम के पेड़ पर बौर लगने पर

(3) बरसात होने पर (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(इ) भीनी गंध उड़ा रहे हैं–

(1) सरसों के पीले–पीले फूल (2) चमेली के फूल

(3) गुलाब के फूल (4) बेला के फूल

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. नदियाँ निरन्तर क्यों प्रदूषित हो रही हैं? कारण बताइए।
2. 'ग्राम श्री' कविता के आधार पर बागों के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।
3. 'ग्राम श्री' कविता के आधार पर खेतों के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।
4. गंगा नदी की रेत और उसके किनारों का वर्णन कवि ने किस प्रकार किया है? स्पष्ट कीजिए।
5. बसंतकालीन प्रकृति का वर्णन कीजिए।
6. शीतकालीन सुबह का वर्णन कीजिए।
7. भू पर आकाश उतरने के अनुभव को कवि ने किस प्रकार व्यक्त किया है?
8. कवि ने ग्राम की तुलना किससे और क्यों की है?
9. कोहरे में कौन–कौन सुन्दर लगते हैं और क्यों?
10. कोयल कब मतवाली हो जाती है?
11. प्रकृति के विभिन्न उपादान क्या हैं? ग्राम सौन्दर्य से इनका क्या संबंध है?
12. प्रकृति के सुकुमार कवि पंत की 'ग्राम श्री' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिये।

13. 'सुंदर गेहूँ की बालों पर, मोती के दानों से हिमकन' इन पंक्तियों से क्या आशय है?
14. 'सुंदर लगते फिर कुहरे, उठते से खेत, बाग, गृह, वन' से कवि का क्या आशय है?
15. कवि ने ग्राम–सौंदर्य को प्रकृति के काफी निकट बताया है। क्यों?

**निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–**

16. फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल–सी कोमल हरियाली।
लिपटी जिससे रवि की किरणें,
चाँदी की–सी उजली जाली।

17. बालू के सांपों से अंकित,
गंगा की सतरंगी रेती।
सुदंर लगती सरपत छाई,
तट पर तरबूजों की खेती।

18. महके कटहल, मुकुलित जामुन,
जंगल में झरबेली झूली।
फूले आडू, नीबू, दाड़िम,
आलू, गोभी, बैंगन, मूली।

19. प्रातः ओझल हो जाता जग,
भू पर आता ज्यों उतर गगन
सुंदर लगते फिर कुहरे
उठते से खेत, बाग, गृह वन।

———0———

# पाठ–5

# मिठाईवाला

(भगवतीप्रसाद वाजपेयी)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) ''मिठाईवाला'' एक –––––– कहानी है। (मनोवैज्ञानिक / वैज्ञानिक)

(ब) भगवतीप्रसाद वाजपेयी का जन्म सन् –––––– में हुआ था। (1899 / 1879)

(स) भगवतीप्रसाद वाजपेयी ने –––––– मन की ऊहापोह को अपनी रचना 'मिठाईवाले' में चित्रित किया है। (मध्यमवर्गीय / उच्चवर्गीय)

(द) बच्चे खिलौने देखकर –––––– हो उठते थे। (पुलकित / आश्चर्यचकित)

(इ) मुरलीवाला देर तक बच्चों के झुण्ड में –––––– बेचता। (मुरलियां / खिलौने)

(फ) 'मिठाईवाला' के कहानीकार –––––– है। (भगवतीप्रसाद वाजपेयी / नन्ददुलारे वाजपेयी)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) विजयबाबू के बच्चे का नाम क्या था?

(ब) रोहिणी किसकी बातें सुनती रही?

(स) मुरलीवाले का व्यक्तित्व कैसा था?

(द) भगवतीप्रसाद वाजपेयी की भाषा कैसी है?

(इ) 'ओस की बूंदें' किसका कविता संग्रह है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) रायबहादुर के बच्चे | मनोवैज्ञानिक कहानी है? |
| (ब) मुरलीवाला को असीम सुख | मृत्यु हो चुकी थी |
| (स) मिठाई वाले के बच्चों की | मुरली वाला है |
| (द) मिठाई वाला ही | बच्चों की खुशी से मिलता था |
| (इ) मिठाईवाला कहानी | चुन्नु, मुन्नु थे |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) मिठाईवाले की मिठाई ज्यादा देर तक मुँह में नहीं घुलती थी।

(ब) मिठाईवाले को मिठाई बेचने से बहुत सा धन मिल जाता।

(स) मुरलीवाला बच्चों के साथ क्रूरता से पेश आता था।

(द) भगवतीप्रसाद वाजपेयी संवाद योजना के कुशल शिल्पी हैं।

(इ) राय विजयबहादुर के बच्चे का नाम सोनू था।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) खिलौने वाला, बच्चों को देखकर खुश हो जाता क्योंकि–

(1) ये बच्चे अपने बच्चे जैसे लगते थे (2) उनसे पैसा मिलता था

(3) बच्चे खिलौने खरीदते थे (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ब) रोहिणी की आँखें तर हो गयी–

(1) मिठाईवाले की कहानी सुनकर (2) आँखों में धूल जाने से

(3) बच्चों द्वारा दिये गए कष्ट से (4) उपर्युक्त सभी

(स) भगवतीप्रसाद वाजपेयी ने कानपुर में काम किया–

(1) प्रेस में (2) पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर

(3) दुकान में (4) विद्यालय में

(द) मिठाईवाले की मिठाई की विशेषता थी–

(1) मुँह में जल्दी नहीं घुलती थी (2) मीठी लगती थी

(3) खट्टी थी (4) उपर्युक्त सभी

(इ) खिलौने वाले की आवाज थी–

(1) मधुर (2) कर्कश

(3) मंद (4) इनमें से कोई नहीं

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. मुरलीवाले के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।
2. खिलौनेवाला किस तरह बच्चों को बहलाता था?
3. मिठाईवाला अपनी मिठाई की क्या–क्या विशेषताएँ बताता था?
4. खिलौने वाले ने रोहिणी से पैसे क्यों नहीं लिए?
5. खिलौनेवाले, मिठाईवाले और मुरलीवाले में क्या संबंध था?
6. मुरलीवाले के भाव सुनकर विजयबाबू की क्या प्रतिक्रिया थी?
7. 'मिठाईवाला' कहानी अपने उद्देश्य में कहाँ तक सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए।
8. मुरलीवाले के अनुसार ग्राहकों के क्या दस्तूर हैं?
9. अन्य दुकानदारों से मिठाईवाला किस प्रकार भिन्न था? उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
10. मिठाईवाले की कहानी सुनकर रोहिणी की मनोदशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

11. मिठाईवाला, बच्चों को सस्ते में खिलौने क्यों दे जाता था? सटीक कारण लिखिए।
12. मिठाईवाला गलियों में घूमते समय क्या पुकार लगाता था? कहानी के शीर्षक 'मिठाईवाला' से आप कहाँ तक सहमत है?
13. 'मिठाईवाला' कहानी में से बच्चों द्वारा तोतली आवाज में बोले गये कोई चार संवाद लिखिये।
14. मिठाईवाले का पूर्व इतिहास क्या था?
15. मुरली की वास्तविक कीमत क्या थी? मुरलीवाले ने दुकानदार व ग्राहक की मनःस्थिति का वर्णन किस तरह किया था?

———0———

# पाठ–6

## अपना देश सँवारे हम

(श्रीकृष्ण 'सरल')

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) श्रीकृष्ण 'सरल' का जन्म म.प्र. के —————— जिले में हुआ था। (अशोकनगर/होशंगाबाद)

(ब) श्रीकृष्ण 'सरल' ने अपने लेखन से अनेक —————— स्थापित किए है। (कीर्तिमान/अभिमान)

(स) 'नए सृजन के —————— हम' (संवाहक/सेतु)

(द) श्रीकृष्ण 'सरल' जी ने —————— के जीवन पर कलम चलाई है। (क्रांतिकारी/श्रमिकों)

(इ) हम प्रतिरूप —————— के हैं। (नवयुग/पुराने युग)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) भारतीय क्रांतिकारियों की 'इंसाइक्लोपीडिया' किस ग्रंथ को कहते हैं?

(ब) 'अपना देश संवारे हम' किस संकल्प को पूरा करने की कविता है?

(स) 'सरलजी' किसकी तरह नयी क्षमता और नये क्षितिज के खोजी हैं?

(द) श्रीकृष्ण 'सरल' की भाषा किसके अनुरूप है?

(इ) 'सरलजी' ने कुल कितने ग्रंथों की रचना की है? किसी एक का उल्लेख कीजिए।

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) भगीरथ बनकर | विपत्तियों से है |
| (ब) 'सूरज' प्रतीक है | जनसमता के पोषक हैं |
| (स) कर्म का एकरूप | नई क्षमता का |
| (द) प्रतिकूल हवाओं से तात्पर्य | वैचारिक गंगा उतारें |
| (इ) भारतीय नवयुवक | कुदाली है |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) नौजवान देश को समृद्ध नहीं कर सकते।

(ब) 'सरलजी' उज्जैन से सेवा–निवृत हुए।

(स) 'चन्द्रशेखर आजाद' श्रीकृष्ण 'सरल' द्वारा रचित महाकाव्य है।

(द) श्रीकृष्ण 'सरल' की भाषा उनके नाम के विपरीत थी।

(इ) सरल की प्रारम्भिक शिक्षा महानगर में हुई।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) 'अपना देश संवारे' से आशय है–

(1) राष्ट्र निर्माण का संकल्प (2) देश को अच्छा बनायें

(3) खुशहाल और सम्पन्न (4) उपर्युक्त सभी

(ब) 'नए भागीरथ बन' से तात्पर्य है–

(1) भागीरथ बनकर तपस्या करना (2) वैचारिक मतभेद

(3) नए भाव, विचार (4) उपर्युक्त सभी

(स) हमें देश की रक्षा करनी है–

(1) प्रतिकूल परिस्थितियों से (2) देशद्रोहियों से

(3) विदेशी शक्तियों से (4) उपर्युक्त सभी से

(द) निम्न में से 'सरल' जी की रचना नहीं है–

(1) भगतसिंह (2) सुभाषचन्द्र बोस

(3) चन्द्रशेखर आजाद (4) लाला लाजपतराय

(इ) सरलजी द्वारा रचित ग्रन्थों की संख्या है–

(1) अठासी (2) पचासी

(3) नवासी (4) छियासी

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'अपना देश संवारे हम' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।
2. भारतीय नवयुवकों की प्रमुख चार विशेषताएँ लिखिए।
3. सृजन के संवाहक से कवि का क्या तात्पर्य है?
4. 'हम प्रतिरूप नए युग' कविता से कवि का क्या आशय है?
5. कविता कर्म को किन–किन रूपों में व्यक्त किया है?
6. नए भागीरथ को किसके प्रतीक रूप में व्यक्त किया है? भागीरथ के क्या कर्त्तव्य है?
7. कवि नवयुवकों को कौन–सी प्रेरणा दे रहे हैं?
8. 'अपना देश संवारे हम' कविता का केन्द्रीय भाव क्या है?
9. हमें अपने देश की रक्षा किन तरीकों से करनी है?
10. चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए हमने क्या–क्या तैयारी कर ली है?
11. कवि ने वैचारिक गंगा उतारने का आह्वान किया है। कवि के अनुसार इसका क्या आशय है?

12. मानवता का पंथ बुहारने के लिए कवि ने क्या करने को कहा है?
13. कवि के अनुसार प्राप्त चुनौतियों को हमें स्वीकार करना चाहिए, इस विचार से आप कितने सहमत हैं? और क्यों?
14. श्रीकृष्ण 'सरल' की अधिकांश रचनायें किस गुण से संबंधित हैं?
15. श्रीकृष्ण 'सरल' ने देश की गली–गली उजियारने का आह्वान किया है। इसका क्या आशय है?

## निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–

16. हमें देश की रक्षा करनी
हैं प्रतिकूल हवाओं से,
हमको है घर–द्वार सजाने
नई–नई आशाओं से।
अंधकार से जूझ, देश की गली–गली उजियारें हम।

17. नए सृजन के संवाहक हम
प्रगति–पंथ के राही हैं,
हम प्रतिबद्व पहरूए युग के
हम सन्नद्व सिपाही हैं
जो भी मिले चुनौती, उत्तर दें उसको स्वीकारें हम।

18. हम प्रतिरूप नए युग के हैं
सूरज नूतन क्षमता के
नए क्षितिज के अन्वेषी हम
पोषक हम जन–समता के।
अपना, सबका, मानवता का मिलजुल पंथ बुहारे हम।

19. कर्म हमारे बनें कुदाली
कर्म हलों के फाल बनें,
कर्म बनें तलवार शत्रु के
कर्म देश की ढाल बनें।
नए भागीरथ बन, वैचारिक गंगा नई उतारें हम।

———0———

# पाठ–7

## प्रताप प्रतिज्ञा

(जगन्नाथप्रसाद 'मिलिन्द')

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) –––––– का जन्म वर्ष 1907 में मुरार, ग्वालियर में हुआ था। (जगन्नाथ प्रसाद मिलिन्द/माखनलाल चतुर्वेदी)

(ब) हल्दीघाटी का युद्ध –––––– और प्रमुखतः मुगल सम्राट 'अकबर' के मध्य हुआ था। (महाराणा प्रताप/ मानसिंह)

(स) महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम –––––– था। (चेतक/राजक)

(द) सैनिक, परिस्थितियों का –––––– नहीं। (दास/राजा)

(इ) शक्ति सिंह, महाराणा प्रताप का –––––– था। (भाई/शत्रु)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) महाराणा प्रताप का युद्ध किसके साथ हुआ था?

(ब) मेवाड़ के राजा कौन थे?

(स) 'मिलिन्द' जी की अधिकांश रचनाओं में किस भावना की प्रमुखता है?

(द) महाराणा प्रताप के भाई का नाम क्या था?

(इ) महाराणा प्रताप को मुगल सैनिकों से किसने बचाया?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' (पात्र) | 'ख' (संवाद) |
|---|---|
| (अ) चंद्रावत | "अपराधी को खूब दंड मिलने दो" |
| (ब) प्रताप | "मुँह क्या बना रहे हो" |
| (स) पहला मुगल | "लड़ते–लड़ते मर जाओ" |
| (द) शक्तिसिंह | "आ! काँटों के ताज" |
| (इ) चंद्रावत | "बरसों बाद गले मिलकर रो लें" |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) चेतक, राणा को छोड़ कर भाग गया था।

(ब) शक्ति सिंह ने प्रताप को बचाया था।

(स) चंद्रावत ने ताज छीनकर पहन लिया था।

(द) मिलिन्द की रचनाओं में सांस्कृतिक जागरण का स्वर है।

(इ) चंद्रावत ने कहा था कि स्वतंत्र मेवाड़ का सूर्य अस्त होना चाहता है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः—**

(अ) 'चेतक घोड़ा मृतप्राय हो गया है' कहा था—

(1) सभासद ने (2) प्रथम मुगल सरदार ने

(3) द्वितीय मुगल सरदार ने (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ब) 'भातृप्रेम का निर्मल झरना विद्वेष की शिला से नहीं रूक सकता' किसने कहा था—

(1) शक्तिसिंह ने (2) प्रताप ने

(3) चंद्रा ने (4) मुगल ने

(स) 'मिलिन्द' जी की रचना है—

(1) जीवन संगीत (2) बावरा अहेरी

(3) जीवन संग्राम (4) जीवन मुक्ति

(द) शक्तिसिंह के स्वभाव में परिवर्तन हुआ—

(1) वीरों का बलिदान देखकर (2) राज्य का वैभव देखकर

(3) प्रताप को देखकर (4) इनमें से कोई नहीं

(इ) चेतक के मरने से दुखी थे—

(1) शक्तिसिंह (2) प्रताप

(3) चंद्रावत (4) पहला मुगल

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. युद्ध—भूमि में महाराणा प्रताप को कौन सी स्थिति का सामना करना पड़ा?
2. चन्द्रावत ने महाराणा प्रताप को कैसे बचाया?
3. महाराणा प्रताप का युद्व किसके साथ एवं कहाँ हुआ था?
4. शक्ति सिंह की आँखें कब खुली और उसने कैसे पश्चाताप किया?
5. महाराणा प्रताप ने चेतक के मरने पर किस प्रकार अपनी संवेदनायें व्यक्त कीं?
6. प्रताप की बातें शक्ति सिंह को ह्दयवेधक क्यों लगी? स्पष्ट कीजिए।
7. सच्चे सैनिक की क्या विशेषताएँ हैं? कुछ प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
8. शक्तिसिंह ने स्वयं को किस प्रकार धिक्कारा?
9. महाराणा प्रताप की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

10. 'प्रताप प्रतिज्ञा' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
11. 'चंद्रावत, देशभक्त था' प्रमाणित कीजिये।
12. 'प्रताप–प्रतिज्ञा' एकांकी का केन्द्रीय विचार क्या है? स्पष्ट कीजिये।
13. चेतक कौन था? "वह सच्चा कर्त्तव्यनिष्ठ था" प्रमाणित कीजिये।
14. शक्तिसिंह के स्वभाव में अचानक बदलाव कैसे हुआ?
15. 'सैनिक परिस्थितियों का दास नहीं स्वामी होता है' प्रताप के इस कथन का क्या आशय है?

———0———

# पाठ–8

# देश प्रेम

(आचार्य रामचंद्र शुक्ल)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) शुक्ल जी –––––– निबंधकार है। (युग प्रवर्तक / युग समर्थक)

(ब) शुक्ल जी के निबंधों में बुद्धि और भाव का –––––– योग है। (माणिकांचन / समन्वय)

(स) वाराणसी से प्रकाशित 'हिन्दी शब्दकोष' के संपादक –––––– रहे है। (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल / आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी)

(द) शुक्लजी गंभीर साहित्य –––––– थे। (समीक्षक / विचारक)

(इ) 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका का संपादन –––––– ने किया। (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल / आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी)

**2. निम्नलिखित कथनों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'साँची' क्यों प्रसिद्ध है?

(ब) महुआ की कैसी महक आ रही है? यह कथन किसने कहा था।

(स) 'लकुटी अरू कामरिया' पर राजसिंहासन त्यागने को कौन तैयार थे?

(द) शुक्लजी ने कौन से निबंध लिखे हैं?

(इ) शुक्लजी ने अपनी समीक्षा में किन–किन सिद्धांतों का आधार ग्रहण किया है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | सारा देश | साहचर्य |
| (ब) | प्रेम का प्रवर्तक | देश के प्रत्येक स्वरूप से परिचित होता है |
| (स) | देशप्रेम | देश का संपूर्ण स्वरूप है |
| (द) | सच्चा देशप्रेम | परिचय होता है |
| (इ) | परिचय | अन्तःकरण का भाव है |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) शुक्लजी ने अपने लेखन से हिन्दी ग्रंथ को गरिमापूर्ण आभामण्डल प्रदान किया।

(ब) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' शुक्लजी की रचना नहीं है।

(स) शुक्लजी का निधन 1940 ई. में हुआ था।

(द) शुक्लजी के अनुसार देश से प्रत्यक्ष जुड़ी अनुभूतियों को देश प्रेम माना है।

(इ) शुक्लजी ने मनोविकारों पर निबंध नहीं लिखे।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः—**

(अ) देश प्रेम है—

(1) मनुष्य से प्रेम (2) पशुपक्षियों से प्रेम

(3) नदी नालों से प्रेम (4) उपर्युक्त सभी

(ब) 'चिन्तामणि' के लेखक हैं—

(1) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (4) नंददुलारे वाजपेयी

(स) रसखान, कवि हैं—

(1) भक्तिकाल के (2) रीतिकाल के

(3) आदिकाल के (4) आधुनिककाल के

(द) 'महुओं की कैसी महक आ रही है' कहा था—

(1) लेखक ने (2) लखनवी महाशय ने

(3) रसखान ने (4) इनमें से कोई नहीं

(इ) हिसाब—किताब से पता चलता है—

(1) देश की दशा का ज्ञानमात्र (2) हितचिंतन और हितसाधन की प्रवृत्ति का

(3) मन के वेग का (4) इनमें से कोई नहीं

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. देश प्रेम से क्या तात्पर्य है?
2. रसखान ने ब्रजभूमि के प्रेम के संबंध में क्या विचार व्यक्त किये हैं?
3. देश के स्वरूप से परिचित होने के लिए लेखक ने किन—किन बातों पर बल दिया है?
4. 'प्रेम हिसाब—किताब नहीं है' इससे कवि का क्या आशय है?
5. देश प्रेम को साहचर्य प्रेम क्यों कहा गया है?
6. साँची की प्रसिद्धि का क्या कारण है?
7. 'गेहूँ का पेड़, आम का पेड़ से छोटा होता है या बड़ा' यह कथन किस सन्दर्भ में कहा गया है?
8. 'परिचय प्रेम का प्रवर्तक है'। क्यों?
9. देश प्रेम कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
10. 'स्वतंत्रता से अभिप्राय, स्वरूप की स्वतंत्र सत्ता से है' स्पष्ट कीजिए?
11. लहलहाते खेत देखने और झाड़ियों के बीच बहते नाले देखने से भी देशप्रेम उत्पन्न होता है। उक्त कथन का भाव स्पष्ट कीजिए?

12. रामचंद्र शुक्ल के निबंधों की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए तथा कुछ प्रमुख निबधों का उल्लेख कीजिए।
13. 'देश के स्वरूप से अनजान रहने या बनने में बाबू अपनी बड़ी शान समझते हैं' क्या ये सत्य है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।
14. 'परिचय प्रेम का प्रवर्तक है' इस कथन को स्पष्ट कीजिये।
15. 'केवल देश की सीमा–रेखा पर तैनात सैनिक ही देशप्रेमी है' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

———0———

# पाठ–9

# नई इबारत

(भवानीप्रसाद मिश्र)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म होशंगाबाद के –––––– गाँव में हुआ। (टिमरिया/पिपरिया)

(ब) 'गीत फरोश' –––––– की रचना है। (भवानीप्रसाद मिश्र/गिरिराज किशोर)

(स) 'बुनी हुई रस्सी पर' कृति के लिए भवानीप्रसाद मिश्र को –––––– पुरस्कार प्राप्त हुआ था। (साहित्य अकादमी/मंगलाप्रसाद)

(द) भवानीप्रसाद मिश्र –––––– से सम्बद्ध रहे। (आकाशवाणी/दूरदर्शन)

(इ) भवानीप्रसाद मिश्रजी का निधन वर्ष –––––– में हुआ। (1985/1989)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) कवि ने उत्साह का संचार करते हुए किसकी प्रेरणा दी है?

(ब) 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में भाग लेने के कारण भवानीप्रसाद मिश्र को अंग्रेजों ने क्या दिया था?

(स) मिश्रजी की शैली कौन–सी है?

(द) मिश्रजी की कविताओं में कौन–सा स्वर मुखरित हुआ है?

(इ) सूरज ने किसकी कलम से लिखा?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) नई इबारत | लिख–पढ़ लें |
| (ब) जीवन में सदैव | किरणों की कलम से |
| (स) बच्चे | उत्साहवर्द्धक कविता |
| (द) सोने से पहले | आगे बढ़ते जाना |
| (इ) सूरत ने इबारत लिखी | नासमझ जिद |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) भवानीप्रसाद मिश्र, बिहार के प्रमुख कवि हैं।

(ब) भवानीप्रसाद मिश्र, छायावाद के प्रमुख कवि हैं।

(स) भवानीप्रसाद मिश्र ने 'कल्पना' पत्रिका का संपादन किया।

(द) भवानीप्रसाद मिश्र ने आकाशवाणी की बम्बई केन्द्र से प्रसारित ''विविध भारती'' कार्यक्रम का निर्देशन कार्य किया।

(ई) मिश्रजी के अनुसार दृढ़ निश्चय से जीवन के महत्व को प्रतिपादित किया जा सकता है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) 'कुछ लिखके सो कुछ पढ़के सो' से आशय है–

(1) कुछ लिखकर, पढ़कर सोना चाहिए

(2) लिखना और पढ़ना कभी–कभी करना चाहिए

(3) अधिक पढ़ना चाहिए, बहुत कम लिखना चाहिए

(4) इनमें से कोई नहीं

(ब) 'जिस तरह जागा सबेरे उस जगह से बढ़के' से आशय है–

(1) जागने पर अपने आपको पहले से कहीं आगे पावे

(2) थोड़ा पीछे हटें (3) कभी–कभी आगे बढ़ें

(4) इनमें से कोई नहीं

(स) 'कुछ महान् कार्य करना' से आशय–

(1) विकास करते हुए आगे बढ़े (2) महान् बने

(3) अच्छे कार्य करें (4) इनमें से कोई नहीं

(द) मिश्रजी की कविताओं की विशेषता है–

(1) सहजता (2) सादगी

(3) ताज़गी (4) उपर्युक्त सभी

(इ) 'नई इबारत' कविता है–

(1) उत्साहवर्धक (2) प्रेरणादायक

(3) प्रगतिसूचक (4) उपर्युक्त सभी

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'नई इबारत' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?
2. कवि ने सोने से पहले कौन–कौन से काम करने के लिए कहा है?
3. कवि ने खेत की क्या विशेषताएँ बताई हैं?
4. खेलते समय कौन–कौन सी सावधानियाँ रखनी चाहिए?
5. कवि ने किस सुनहरे वर्क से मन को मढ़ने को कहा है?
6. कवि प्रकृति के माध्यम से कौन सा संदेश देना चाहता है?
7. निष्क्रियता के संबंध में कवि ने कैसे संकेत दिये हैं?

8. कवि ने जागने के बाद किस प्रकार के काम करने के लिए प्रेरित किया है?
9. 'नई इबारत' कविता के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।
10. कवि ने बच्चे के उदाहरण से कौन सी समानता लाने का प्रयत्न किया है?
11. कवि ने 'नई इबारत' में सोने से पहले आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। आपने आज क्या प्राप्त किया जो आपके जीवन को लक्ष्य की ओर प्रेरित कर सके?
12. भवानीप्रसाद मिश्रजी का काव्यादर्श क्या है?
13. 'प्रकृति स्वयं कार्यशीलता का संदेश देती है।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
14. जीवन के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए क्या आवश्यक है और क्यों?
15. भवानीप्रसाद मिश्र की कविता की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

**निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–**

16. एक ज़िद को जकड़ लेकर ठेलते जाना,
ग़लत है बेसूद है कुछ रचके सो कुछ गढ़के,
तू जिस जगह जागा सेबेरे उस जग़ह से बढ़के

17. जैसा उठा वैसा गिरा जाकर बिछौने पर,
तिफ़्ल जैसा प्यार यह जीवन खिलौने पर,
बिना समझे बिना बूझे खेलते जाना

18. दिन–भर इबारत पेड़–पत्ती और पानी की
बन्द घर की खुले फैले खेत धानी की
हवा की बरसात की हर खुश्क की तर की
गुजरती दिनभर रही जो आप की पर की

19. लिखा सूरज ने किरन की कलम लेकर जो
नाम लेकर जिसे पंछी ने पुकारा सो
हवा जो कुछ गा गई बरसात जो बरसी
जो इबारत लहर बनकर नदी पर दरसी

**———0———**

# पाठ–10

## राजेन्द्र बाबू

(महादेवी वर्मा)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) महादेवी वर्मा का जन्म सन् –––––– में हुआ था। (1907 / 1909)

(ब) महादेवी वर्मा –––––– की प्रमुख कवयित्री हैं। (छायावाद / प्रगतिवाद)

(स) महादेवी वर्मा को 'यामा' रचना के लिए –––––– पुरस्कार प्रदान किया गया। (ज्ञानपीठ / भारत रत्न)

(द) महादेवी वर्मा को –––––– की कवयित्री कहा जाता है। (वेदना / संयोग)

(इ) महादेवी वर्मा का निधन सन् –––––– में हुआ। (1987 / 1988)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) महादेवी वर्मा की रचना 'राजेन्द्रबाबू' गद्य की कौन सी विधा है?

(ब) राजेन्द्रबाबू के निजी सचिव का नाम क्या था?

(स) महादेवी वर्मा को राजेन्द्रबाबू के सम्पर्क में आने का सुअवसर किस वर्ष प्राप्त हुआ?

(द) महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व पर किस दर्शन का प्रभाव परिलक्षित होता है?

(इ) राजेन्द्रबाबू कौन थे?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) राजेन्द्रबाबू की सहधर्मिणी | स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री |
| (ब) राजेन्द्रप्रसाद | राजेन्द्र बाबू के निज सचिव |
| (स) जवाहरलाल नेहरू | प्रयाग आगमन |
| (द) चक्रधर | जमींदार परिवार की वधू |
| (इ) राजेन्द्रबाबू की पौत्रियाँ | स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) राजेन्द्रबाबू को 'अजातशत्रु' कहा जाता है।

(ब) राजेन्द्रबाबू, कांग्रेस के अध्यक्ष नहीं रहे हैं।

(स) राजेन्द्रबाबू तथा उनकी सहधर्मिणी सप्ताह में एक दिन अन्न नहीं ग्रहण करते थे।

(द) राजेन्द्रबाबू की पत्नी को बहुत अहंकार था।

(ई) राजेन्द्रबाबू ने एक दिन भूलवश दो भिन्न रंग के मोजे पहन लिये थे।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) राजेन्द्रबाबू की पत्नी के बारे में कौन सा कथन असत्य है–

(1) वे बिहार के एक जमींदार परिवार की वधू थीं।

(2) वे सप्ताह में एक दिन उपवास रखती थीं।

(3) वे सरल स्वभाव की थीं।

(4) वे प्रसिद्ध गायिका थीं।

(ब) राजेन्द्रबाबू के निजी सचिव का नाम था–

(1) चक्रधर (2) गंगाधर (3) गोपालकृष्ण गोखले (4) सुदर्शन

(स) महादेवी वर्मा उपकुलपति थीं–

(1) इलाहाबाद विश्वविद्यालय की (2) प्रयाग महिला विद्यापीठ की

(3) काशी विद्यापीठ की (4) साहित्य अकादमी की

(द) महादेवी वर्मा की कृति नहीं है–

(1) यामा (2) नीरजा

(3) नीहार (4) सत्य के साथ मेरे प्रयोग

(इ) राजेन्द्रबाबू की वेशभूषा, बहुधा होती थी–

(1) साधारण (2) विशिष्ट (3) पाश्चात्य संस्कृति की (4) चमकदार

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. राजेन्द्रबाबू के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
2. राजेन्द्रबाबू को लेखिका ने प्रथम बार कहा देखा? राजेन्द्रबाबू की वेशभूषा से वे कैसे प्रभावित हुईं?
3. 'राजेन्द्रबाबू अजातशत्रु थे' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
4. 'राजेन्द्रबाबू की सहधर्मिणी भी गुणों की खान थीं।' इस कथन से आप कहां तक सहमत हैं?
5. महादेवी वर्मा, राजेन्द्रबाबू के साथ बिताई गई संध्या को अविस्मरणीय मानती हैं। क्यों?
6. 'सत्य में से कुछ घटाना या जोड़ना संभव नहीं रहता।' राजेन्द्रबाबू के व्यक्तित्व के संबंध में इस कथन का औचित्य बताइये।
7. राजेन्द्रबाबू, पौत्रियों को प्रयाग क्यों लाये थे?
8. राजेन्द्रबाबू को लेखिका ने पहली बार कहां देखा? और किस स्थिति में।
9. आमतौर पर हम 'उपवास' किस तरह से रखते हैं? क्या यह तरीका सही है?

10. 'भारत के प्रथम राष्ट्रपति सादगी और सहजता की प्रतिमूर्ति थे' कथन को सिद्ध कीजिये।
11. 'राजेन्द्रबाबू की सहधर्मिणी एक सच्ची भारतीय नारी थीं।' इस कथन को सिद्ध कीजिये।
12. 'उपवास' को लेकर राजेन्द्रबाबू के क्या विचार थे?
13. राजेन्द्रबाबू का कहना था– "कर्तव्य विलास नहीं कर्मनिष्ठा है।" इससे क्या आशय है?
14. लेखिका, दिल्ली आने के विशेष निमंत्रण पर राष्ट्रपति–भवन में क्या चीज लेकर गई थीं? और क्यों?
15. 'राजेन्द्रबाबू परिधानों पर अधिक ध्यान नहीं देते थे। उनकी सारी व्यवस्था ही अस्तव्यस्तता का पर्याय थी।' इस कथन से आप कहां तक सहमत हैं?

**———0———**

## पाठ–II

# हिम प्रलय

(डॉ. जयंत नार्लीकर)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) हिम प्रलय –––––– कथा है। (हिम / विज्ञान)

(ब) डॉ. जयंत नार्लीकर एक –––––– हैं। (चिकित्सक / वैज्ञानिक)

(स) प्राकृतिक –––––– विश्व के लिए एक चुनौती है। (असंतुलन / संतुलन)

(द) उपग्रह –––––– नामक स्थान से प्रमोचित किये जाते हैं। (कोटा / श्रीहरिकोटा)

(इ) मानव जाति के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए –––––– प्रयास किये जाने चाहिए। (एकल / सामूहिक)

**2. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) हिम का आशय | डॉ. बसंत चिटणीस ने |
| (ब) अंटार्कटिक | प्राकृतिक असंतुलन होना |
| (स) हिम प्रलय का कारण | पिघली बर्फ |
| (द) हिम प्रलय चेतावनी | रिचर्ड होम्स |
| (इ) अमेरिकी ऊर्जा समिति के सदस्य | हिम से आच्छादित स्थल |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, कन्याकुमारी के पास है।

(ब) बर्फ पिघलने से बाढ़ आने की आशंका नहीं थी।

(स) डॉ. जयन्त नार्लीकर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई में शोधरत रहे थे।

(द) खगोल वैज्ञानिक, भूगोल विषय में अनुसंधान करते हैं।

(ई) 'हिम–प्रलय विज्ञान कथा' में डॉ. चिटणीस द्वारा दराज से निकाले गये लेख का शीर्षक था 'अभियान : हिम पर आक्रमण'

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) डॉ. जयंत नार्लीकर को ये 'पुरस्कार' प्राप्त नहीं हुआ–

(1) स्मिथ (2) शांति स्वरूप भटनागर

(3) एडम्स (4) परमवीर चक्र

(ब) डॉ. जयंत नार्लीकर हैं–

(1) शिक्षाविद् (2) भविष्यवक्ता (3) डॉक्टर (4) इनमें से कोई नहीं

(स) डॉ. बसंत चिटणीस ने चेतावनी दी थी–
(1) भूकंप की (2) बर्फ पिघलने की
(3) विदेशी आक्रमण की (4) झंझावात की

(द) हिम प्रलय की आशंका बढ़ती है–
(1) तापमान कमी से (2) तापमान वृद्धि से
(3) जल संकट से (4) जल आधिक्य से

(इ) हिमपात का मुकाबला नहीं कर सके–
(1) जापान (2) यूरोप (3) रूस (4) उपरोक्त सभी

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'हिमपात का मुकाबला करना आसान नहीं है'। 'हिमप्रलय' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए?
2. डॉ. बसंत चिटणीस कौन थे? उन्होंने क्या भविष्यवाणी की थी? कई वैज्ञानिकों ने उनकी भविष्यवाणी पर ध्यान क्यों नहीं दिया?
3. 'हिम प्रलय' विज्ञान कथा का सारांश अपने शब्दों में लिखो।
4. डॉ. बसंत चिटणीस को टैलेक्स द्वारा क्या संदेश मिला था?
5. 'इस बार की गर्मियाँ उस दीपक की भांति थी, जो बुझने से पहले एक बार अधिक रोशनी देता है' इस कथन का भाव विस्तार कीजिए।
6. 'प्रकृति और इंसान के बीच छिड़े युद्ध में किसकी जीत हुई? लेकिन अंततः क्या हुआ? 'हिमप्रलय' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
7. हिमपात के आसार नजर आने पर पक्षियों की क्या प्रतिक्रिया रही?
8. डॉ. बसंत चिटणीस ने राजीव शाह को कहाँ और क्यों जाने की सलाह दी?
9. 'हिमपात' एक प्राकृतिक आपदा है। इसके अतिरिक्त और कौनसी प्राकृतिक आपदायें है? संक्षिप्त विवरण लिखिए।
10. इंसान ने तकनीकी दिवस में निःसंदेह नए–नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं, लेकिन प्राकृतिक प्रकोप के आगे किसी की कुछ नहीं चलती। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है?
11. विदेशी पत्रकारों से डॉ. चिटणीस ने क्या कहा?
12. समुद्र विज्ञान के एक विश्वविख्यात संस्था के संचालक ने डॉ. बसंत को क्या संदेश भेजा था?
13. राजीव शाह द्वारा डॉ. बसंत को दिये गये टेलेक्स में क्या संदेश थे?
14. 4 नवम्बर को अंतरिक्ष में किस प्रकार के संदेश आने लगे थे? 'हिमप्रलय' पाठ के आधार पर बताइये।
15. मुम्बई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में शोधरत रहे प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक और लेखक कौन हैं? विज्ञान से सम्बद्ध कौन से पुरस्कार उन्हें प्राप्त हुए हैं?

———0———

# पाठ–12

# बिहारी के दोहे

(बिहारी)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) बिहारी –––––– के प्रमुख कवि थे। (रीतिकाल/भक्तिकाल)

(ब) बिहारी ने –––––– की रचना की है। (बिहारी सतसई/बिहारी के दोहे)

(स) बिहारी की रचना 'बिहारी के दोहे में –––––– का वर्णन है। (भगवत्गीता/रामायण)

(द) बिहारी ने अपनी रचनाओं में –––––– भाषा का प्रयोग किया है। (अवधी/बृज)

(इ) बिहारी ने अपने दोहों में –––––– भरा है। (गागर में सागर/सागर में गागर)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) बिहारी का जन्म स्थान कहां है?

(ब) श्रीकृष्ण की बंशी किसके समान लगती है?

(स) बिहारी के दोहों में किस रस की सबसे अधिक प्रधानता है?

(द) बाज के माध्यम से कवि ने किसको लक्षित किया है?

(इ) सर्प, मोर और हिरण एक साथ कहाँ रहते हैं?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) श्रीकृष्ण की बाँसुरी | स्थायी और अमिट |
| (ब) ज्येष्ठ | सतरंगी दिखाई दे रही |
| (स) सर्प, मोर, हिरण | जयसिंह |
| (द) सज्जनों का प्रेम | बड़ा, हिन्दी पंचाग का एक मास |
| (द) कवि आश्रयदाता | तपोवन में एक साथ रहते |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) सज्जनों का अटल प्रेम पात्र के घटने पर अपनी अटलता छोड़ देता है।

(ब) सम्पत्ति के बढ़ने पर अनेक प्रकार की इच्छा उत्पन्न होती है।

(स) गर्मी की अधिकता के कारण साँप और मोर एक साथ तपोवन में निवास कर रहे हैं।

(द) श्रीकृष्ण की बांसुरी पीली दिखाई दे रही है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) बिहारी द्वारा रचित 'बिहारी सतसई' में दोहों की संख्या है–

(1) 700 (2) 900

(3) 600 (4) 500

(ब) बिहारी के दोहे में चित्रण है–

(1) राम का (2) कृष्ण का (3) दुर्गा का (4) सीता का

(स) 'बिहारी सतसई' काव्य रचना, उदाहरण है–

(1) मुक्तक का (2) खण्ड काव्य का

(3) प्रबंध काव्य का (4) महाकाव्य का

(द) बिहारी के दोहों का प्रमुख विषय है–

(1) भक्ति (2) नीति

(3) श्रृंगार (4) शक्ति

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'बिहारी रससिद्ध कवि हैं' इस कथन को प्रमाणित कीजिए।
2. ग्रीष्म की प्रचण्डता का उल्लेख बिहारी के दोहों के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
3. सूर्य और चन्द्रमा के साथ होने से क्या प्रभाव होता है?
4. सम्पत्ति के बढ़ने से मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?
5. 'बिहारी ने अपने दोहों में गागर में सागर भरा है। कथन को सिद्ध कीजिए।
6. 'बाज' के माध्यम से बिहारी क्या कहना चाहते हैं?
7. 'पाप का बोध' सबसे अधिक किसको होता है?
8. श्रीकृष्ण की बंशी की विशेषताएँ लिखिए।
9. मित्रता में कौन–कौन सी सावधानी रखनी चाहिए?
10. तपोवन के रहवास का क्या गुण है?
11. बिहारी द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध मुक्तक काव्य रचना का नाम क्या है? इस रचना की विशेषताएँ लिखिये।
12. बिहारी ने भक्ति दोहों में 'श्रीकृष्ण' का वर्णन किस प्रकार किया है?
13. बिहारी ने प्रकृतिपरक वर्णनमें किस ऋतु का वर्णन किया है और कैसे?
14. रीतिकाल के श्रेष्ठ कवि कौन हैं? वे किस राजा के आश्रित कवि थे?
15. तपोवन के रहवास का क्या गुण है?

## निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–

16. कहै यहै श्रुति सुमत्यौ, यहै सयाने लोग।
तीन दबावत निस कही, पातक, राजा, रोग।।
स्वारथ, सुकृतु, न श्रमु बृथा, देखि बिहंग बिचारि।
बाज पराएं पानि परि तूँ पच्छीनु न मारि।।

17. बढ़त–बढ़त संपति–सलिलु, मन–सरोजु बढ़ि जाइ।
घटत–घटत सुन फिर घटै, बरू समूल कुम्हिलाइ।।
जौ चाहत, चटक न घटै, मैलो होई न, चित्त।
रंज राजसु न छुवाइ तौ, नेह चीकने चित्त।

18. चटक न छाँड़तु घटत हूँ, सज्जन–नेहुँ गँभीरू।
फीकौ परै न, बरू फटै, रँग्यौ चोल–रँग चीरू।।
दुसह दुरूज प्रजानु कौं, क्यों न बढ़ै दुख–दंदु।
अधिक अँधेरौ जग, करत, मिलि मावस रवि–चंदु।।

19. कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बांध।
जगतु तपोवन सो कियौ, दीरघ दाघ निदाघ।।
बैठि रही अति सघनं वन, पैठि सदन–तन माँह।
देखि दुपहरी जेठ की, छाँहौ चाहति छाँह।।

–––0–––

# पाठ–13

# धर्म की झांकी

(महात्मागांधी)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) महात्मा गांधी ने एक –––––– लिखी है। (आत्मकथा / सत्यगाथा)

(ब) महात्मा गांधी का जन्म सन् –––––– में हुआ था। (1869 / 1859)

(स) महात्मा गांधी जी ने मन पर –––––– का सर्वाधिक प्रभाव हुआ। (रामायण / महाभारत)

(द) महात्मा गांधी के ह्रदय में सभी धर्मों के प्रति –––––– भाव था। (असम / सम)

(इ) –––––– महात्मा गांधी का प्रमुख शस्त्र था। (अहिंसा / हिंसा)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) महात्मा गांधी के राजनैतिक गुरू कौन थे?

(ब) महात्मा गांधी ने उच्च शिक्षा कहाँ प्राप्त की?

(स) महात्मा गांधी ने इंग्लैण्ड से कौन सी उपाधि प्राप्त की?

(द) 'बाज' के माध्यम से कवि ने किसको लक्षित किया है?

(इ) महात्मा गांधी द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम क्या है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) वैष्णवजन तो...... | बापू द्वारा निकाला गया पत्र |
| (ब) 'साथ के प्रयोग' | धाय माँ |
| (स) 'हरिजन' | बापू द्वारा लिखित पुस्तक |
| (द) गोपालकृष्ण गोखले | राजनैतिक गुरु |
| (इ) रम्भा | बापू का प्रिय भजन |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) महात्मागांधी वैष्णव सम्प्रदाय के थे।

(ब) महात्मागांधी के अनुसार 'बचपन में शुभ–अशुभ संस्कार बहुत गहरी जड़ें जमाते हैं।

(स) गांधीजी के मन में सभी धर्मों के प्रति समभाव नहीं था।

(द) गांधीजी को हवेली का वैभव अच्छा लगता था।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :—**

(अ) बापू के असहयोग आंदोलन का वर्ष—

(1) 1942 (2) 1947

(3) 1945 (4) 1950

(ब) बापू को धार्मिक संस्कार प्राप्त हुये—

(1) माता को (2) पिता से (3) चाचा से (4) भाई से

(स) महात्मागांधी ने स्व—निर्णय पर दृढ़ रहने की शिक्षा प्राप्त की—

(1) माता को (2) पिता से (3) चाचा से (4) भाई से

(द) भारतीयों पर अत्याचारों का वर्णन करने वाली बापू द्वारा लिखित पुस्तक है—

(1) 'नीली पुस्तिका' (2) 'लाल पुस्तिका'

(3) 'सफेद पुस्तिका (4) 'हरी पुस्तिका'

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. गांधी के मन पर सर्वाधिक असर किसका हुआ और क्यों?
2. गांधी ने इक्कीस दिन के उपवास काल में किससे कथा सुनी थी? इस कथा के सुनने से उनके मन में क्या विचार आया?
3. बापू के मन से भूत—प्रेत का डर कैसे दूर हुआ?
4. 'आत्मबोध' और 'आत्म उद्धार' से बापू का क्या तात्पर्य है?
5. बापू के अनुसार किस धर्म ग्रंथ के पाठ से धर्म के प्रति रूचि उत्पन्न की जा सकती है? और कैसे?
6. धर्म को लेकर बापू का क्या मत है?
7. गांधी के मन में 'रामायण' के प्रति लगाव और आदर भाव कैसे और क्यों उत्पन्न हुआ?
8. 'बचपन में बीज बोया गया, वह नष्ट नहीं हुआ' इन पंक्तियों का विस्तार कीजिए।
9. 'बचपन में पड़े शुभ—अशुभ संस्कार बहुत गहरी जड़ें जमाते हैं।
10. गांधीजी के मन में सभी धर्मों के प्रति समभाव कैसे उत्पन्न हुआ?
11. लाधा महाराज के रामायण कथा—वाचन की क्या विशेषताएँ थीं?
12. महात्मागांधी के अनुसार उन्हें सभी सम्प्रदायों के प्रति समान भाव रखने की शिक्षा कहाँ से प्राप्त हुई? और कैसे?
13. रम्भा कौन थी? बापू उनसे क्यों प्रभावित थे?
14. महात्मागाँधी के मुख्य जीवन सिद्धांत क्या थे?
15. 'धर्म की झाँकी' पाठ का केन्द्रीय भाव लिखिये।

———0———

# पाठ–14

## रूपया तुम्हें खा गया

(भगवतीचरण वर्मा)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) 'चित्रलेखा' उपन्यास के लेखक –––––– हैं। (भगवतीचरण वर्मा/ किशोरलाल गोस्वामी)

(ब) मानिकचन्द्र ने –––––– चुराकर किशोरीलाल पर आरोप लगा दिया था।(रूपया/जेवर)

(स) 'रानी' मानिकचन्द की –––––– का नाम था। (पत्नी/बेटी)

(द) मानिकचन्द के बेटे का नाम –––––– था। (मदन/सोहन)

(इ) मानकचन्द को –––––– खा गया था। (रूपया/गीदड़)

(फ) 'रूपया तुम्हें खा गया' एकांकी में –––––– का चित्रण है। (शिक्षावृत्ति/लोभवृत्ति)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'इंस्टालमेंट' किस लेखक की रचना है?

(ब) 'रूपये तुम्हें खा गया' एकांकी के प्रारंभ में कौनसा दृश्य है?

(स) 'रूपये तुम्हें खा गया' एकांकी में मनुष्य की किस वृत्ति का चित्रण किया गया है?

(द) रूपया, किसे खा गया था?

(इ) किशोरी लाल कितने साल जेल में रहा था?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' (पात्र) | 'ख' (संवाद) |
|---|---|
| (अ) मानिकचंद | ''अब आप चुपचाप ले जाइए'' |
| (ब) किशोरीलाल | ''रूपया तुम्हें खा गया'' |
| (स) रानी | ''बिना रूपये कैसे काम चलेगा' |
| (द) जयलाल | ''सेफ की चाबी मदन को दे दीजिए'' |
| (इ) मदन | ''सेफ की चाबी नहीं मिलेगी'' |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) 'रूपया तुम्हें खा गया' नाटक विधा का पाठ है।

(ब) 'रूपया तुम्हें खा गया' एकांकी के अनुसार धन ही सर्वोपरि है।

(स) मानिकचंद, अपनी तिजौरी की चाबी अपने पुत्र मदन को देना चाहता था।

(द) मदन, मानिकचंद का पुत्र नहीं था।

(इ) किशोरीलाल की सुख–शांति, धन की वजह से भंग हो गई थी।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'रूपया तुम्हें खा गया' एकांकी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिये।
2. 'रूपया तुम्हें खा गया' एकांकी के आधार पर मानिकचंद का चरित्र चित्रण कीजिये।
3. सजा काटने के पश्चात् किशोरीलाल की मनोदशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
4. किशोरी लाल के जेल जाने पर परिवार ने अपना जीवन निर्वाह किस प्रकार किया?
5. मानिकचंद को अपनी भूल का अहसास कैसे होता है।
6. किशोरी लाल की सुख–शांति क्यों भंग हो गई थी?
7. जयलाल कौन था? वह कौनसा व्यवसाय करता था?
8. मदन को संपत्ति के मालिक बनाने की बात पर मानिकचंद ने क्या कहा?
9. 'धनलिप्सा' के मायाजाल में आकंठ डूबा व्यक्ति सामाजिक रिश्तों को भूल जाता है। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
10. 'अर्थ के पिशाच ने माणिकचंद की सुख–शांति छीन ली थी'। इस कथन की सत्यता निरूपित कीजिए।
11. 'रुपया तुम्हें खा गया' एकांकी का अंत किस तरह से होता है?
12. 'बीमारी में सुधार नहीं हुआ करता, बीमारी का अन्त होता है' जयलाल के इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
13. तीन साल बाद जेल से छूटने पर किशोरीलाल के घर की स्थिति क्या थी? लोगों का व्यवहार उसके प्रति कैसा था?
14. 'रुपया तुम्हें खा गया' एकांकी का प्रारंभिक दृश्य क्या है?
15. 'रुपया तुम्हें खा गया' एकांकी का केन्द्रीय भाव लिखिये।

**———0———**

# पाठ–15

## उलाहना

(माखनलाल चतुर्वेदी)

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से प्रसिद्ध साहित्यकार ―――― हैं। (प्रेमचंद / माखनलाल चतुर्वेदी)

(ब) 'उलाहना' कविता में ―――― वर्ग को उलाहना दिया गया है। (अमीर / गरीब)

(स) माखनलाल चतुर्वेदी के काव्य का मूल स्वर ―――― है। (शृंगार / राष्ट्रीयतावाद)

(द) 'उलाहना' कविता में कवि ने ―――― विस्तार को भी जरूरी माना है। (मानवीय संवेदना / प्रेम)

(इ) माखनलाल चतुर्वेदी को ―――― सम्मान से अलंकृत किया गया था। (भारत रत्न / पद्मभूषण)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ था?

(ब) माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्धि का प्रमुख आधार क्या है?

(स) 'उलाहना' कविता, में कवि ने किस वर्ग से अपेक्षा की है?

(द) माखनलाल चतुर्वेदी को भारत सरकार ने किस सम्मान से अलंकृत किया?

(इ) माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा लिखित रचना 'कृष्णार्जुन युद्ध' गद्य साहित्य की कौनसी विधा है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | उलाहना | गरीब वर्ग का प्रतीक |
| (ब) | आम जन का जीवन | माखनलाल चतुर्वेदी |
| (स) | एक भारतीय आत्मा | अभावग्रस्त और तकलीफभरा |
| (द) | गरीबों का उद्धार करने वाला | सुविधाभोगी अमीरों को |
| (इ) | रमलू भगत | मसीहा |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) 'उलाहना' कविता में 'कुटिया निवासी' बनने का तात्पर्य, ''कुटिया में ही रहने से है''।

(ब) रमलू भगत, भक्ति का प्रतीक है।

(स) 'उलाहना' कविता राष्ट्रीयतावादी भावना से ओतप्रोत नहीं है।

(द) 'हिमतरंगिनी' और 'हिमकिरीटिनी' माखनलाल चतुर्वेदी की रचनाएँ नहीं हैं।

(इ) अत्याचारों का अंत करके क्रांतिकारी परिवर्तन करने वाला मसीहा कहलाता है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :—**

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी की रचना नहीं है—

(1) युगपरख (2) हिमतरंगिनी

(3) हिमकिरीटनी (4) सत्य के मेरे प्रयोग

(ब) माखनलाल चतुर्वेदी के काल स्वर में सम्मिलित नहीं है—

(1) त्याग (2) सेवा (3) भक्ति (4) कर्त्तव्य

(स) 'उठो कारा बनाओ इस गरीबी की' में 'कारा' का आशय है—

(1) उत्थान (2) पतन (3) जेल (4) विस्तार

(द) समाज के विकास में सहयोग है—

(1) निर्धनों का (2) धनी वर्ग का

(3) मजदूरों का (4) उपरोक्त सभी का

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. कवि अमीरों से उनके जीवन में किस तरह के परिवर्तन की आकांक्षा करता है। 'उलाहना' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
2. 'उलाहना' कविता में 'कुटिया निवासी बनने' से कवि का क्या आशय है?
3. 'उलाहना' कविता के अनुसार मसीहा कौन है? और क्यों?
4. 'बड़े रास्ते, बड़े पुल और बड़े क्रोध, छोटों की इबादत है'। 'उलाहना' कविता के आधार पर कथन को स्पष्ट कीजिए।
5. 'उलाहना' कविता में कवि ने रमलू भगत के घर दलिया खाने का न्यौता क्यों दिया है?
6. कवि के अनुसार सलामत कौन रह जाता है? 'उलाहना' कविता के आधार पर बतलाइये।
7. कवि ने अमीरी से जरा नीचे उतर आने के लिए कहा है। 'उलाहना कविता के आधार पर कारण स्पष्ट कीजिए।
8. 'समाज के विकास में सभी वर्गों का सहयोग रहता है' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
9. कवि ने छोटों से भी मिलजुल कर रहने की सलाह किसे और क्यों दी है?
10. 'उलाहना' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।
11. 'उलाहना' कविता का शीर्षक तर्कसंगत है। सिद्ध कीजिए।
12. नदियों की धारा मोड़ने की सामर्थ्य किसमें है और कैसे?

13. 'तालियों की गड़गड़ाहट के बीच व्यक्ति कुछ समय के लिये स्वयं को सर्वविजेता समझ लेता है।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

14. 'बड़ी इमारतें और कारखानें छोटों के परिश्रम का फल हैं।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

15. 'उलाहना' कविता में कवि ने भौतिक विकास के साथ–साथ संवेदना के विस्तार को भी अनिवार्य माना है। क्यों?

## निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–

16. तुम्हारी बाँह में बल है जमाने का,
तुम्हारे बोल में जादू जगत का है,
कभी कुटिया निवासी बन जरा देखो,
कि दलिया न्यौतता रमलू भगत का है

17. भुला दी सूलियाँ? जैसे सभी कुछ,
जमाने में तालियों से पा लिया तुमने,
न तुम बहले, न युग बहला, भले साथी,
बताओ तो किसे बहला लिया तुमने!

18. बड़े रस्ते, बड़े पुल, बाँध, क्या कहने!
बड़े ही कारखाने हैं, इमारत हैं,
जरा पोछूँ इन्हें आँसू उभर आये,
बड़ापन यह न छोटों की इबादत है।

19. उठो, कारा बनाओ इस! गरीबी की,
रहो मत दूर अपनों के निकट आओ,
बड़े गहरे लगे हैं, घाव सदियों के,
मसीहा इनको ममता भर के सहलाओ

———0———

## पाठ–16

# अंतिम संदेश

(रामप्रसाद 'बिस्मिल')

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) राष्ट्र के अस्तित्व के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर करने वाले ------ कहलाते हैं। (राष्ट्रप्रेमी / शहीद)

(ब) 'अंतिम संदेश' एक ------ है। (पत्र / संदेश)

(स) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' ------ के अनुयायी थे। (दयानंद सरस्वती / बापू)

(द) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने ------ को पत्र लिखा था। (पिताजी / माँ)

(इ) 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' इस बलिदानी गीत के गीतकार ------ हैं। (चन्द्रशेखर आजाद / 'बिस्मिल')

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) रामप्रसाद 'बिस्मिल' के अनुसार देश–द्रोहियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

(ब) रामप्रसाद 'बिस्मिल' किसके अनुयायी थे?

(स) 'बिस्मिल' के अनुसार उनकी आत्मा को शांति कब प्राप्त होगी?

(द) रामप्रसाद 'बिस्मिल' को किस जेल में फाँसी दी गई थी?

(इ) 'बिस्मिल' का मुख्य लक्ष्य क्या था?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी | बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |
| (ब) रामकृष्ण मठ की स्थापना | भगतसिंह |
| (स) विप्लव गान के रचयिता | माखनलाल चतुर्वेदी |
| (द) एक भारतीय आत्मा के नाम के प्रसिद्ध | विवेकानंद |
| (इ) बिस्मिल के एक साथी | रामप्रसाद 'बिस्मिल' |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने नवयुवकों के लिए प्रेरणा देने वाला 'अंतिम संदेश' पत्र लिखा था।

(ब) रामप्रसाद 'बिस्मिल' स्वभाव से ही क्रांतिकारी थे।

(स) रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने फांसी के फंदे पर 'प्रजातंत्र अमर रहे' नारा लगाया।

(द) रामप्रसाद 'बिस्मिल' शत्रुओं को हृदय से क्षमा करने के पक्षधर थे।

(इ) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' का लक्ष्य शोषण और अन्याय से मुक्त समाज की स्थापना करना था।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने 'अंतिम संदेश पत्र' फांसी लगने के कितने समय पहले लिखा था–

(1) दो दिन (2) एक दिन

(3) एक घण्टे (4) एक महीने

(ब) 'अंतिम संदेश पत्र' लिखा गया था–

(1) 20 दिसंबर 1928 (2) 19 दिसंबर 1927

(3) 19 दिसंबर 1930 (4) 20 दिसंबर 1948

(स) शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' के प्रमुख क्रांतिकारी सहयोगी नहीं थे–

(1) विवेकानंद (2) सुखदेव

(3) राजगुरू (4) भगतसिंह

(द) रामप्रसाद 'बिस्मिल' के अनुसार देश–द्रेहियों से–

(1) दुर्व्यवहार करना चाहिए (2) करूणा और प्रेम रखना चाहिए

(3) सदैव घृणा करना चाहिए (4) शत्रुवत व्यवहार करना चाहिए

(इ) 'अंतिम संदेश" पत्र में शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने अपने प्राणोत्सर्ग को–

(1) भारत माता के चरणों में एक तुच्छ भेंट बताया

(2) दुख का प्रमुख कारण बताया (3) ऐतिहासिक उपलब्धि बताया

(4) देश के प्रति कृतज्ञता बताया है

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के अनुसार नवयुवकों को क्या करना चाहिए?
2. 'अंतिम संदेश' पत्र का सारांश लिखिये।
3. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के अनुसार अपने शत्रु को क्षमा करने के पीछे कौन से प्रमुख कारण हैं?
4. शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल', क्रांतिकारियों के विरूद्ध मुखबरी तथा गवाही देने वालो के साथ कैसा व्यवहार करने को कहते हैं और क्यों?
5. रामप्रसाद बिस्मिल के विचारों से आप कहाँ तक प्रभावित हैं? और क्यों?
6. देश के लिए आपके मन में किस प्रकार की भावनायें हैं? स्वदेश प्रेम क्या है?

7. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के अनुसार शत्रुओं के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए और क्यों?
8. रामप्रसाद 'बिस्मिल' प्राणोत्सर्ग करते समय निराश नहीं थे। क्यों?
9. क्रांतिकारी होने का क्या आशय है? स्पष्ट कीजिये।
10. रामप्रसाद 'बिस्मिल द्वारा लिखे गये 'अंतिम संदेश' पत्र से आप कितने प्रभावित हैं और क्यों?
11. रामप्रसाद 'बिस्मिल' और महात्मागाँधी के विचारों में समानताएँ और असमानताएँ लिखिए।
12. 'हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ' के संस्थापक कौन थे? इस संघ का क्या उद्देश्य था?
13. 'नवयुवकों में जोश के साथ–साथ होश भी होना चाहिये।' इस कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।
14. रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने अपनी मृत्यु के बाद, माँ से क्या अपेक्षा की थी और क्यों?
15. रामप्रसाद 'बिस्मिल' के किस देशभक्ति पूर्ण गीत से भारतीय युवाओं में आज़ादी की तड़प उत्पन्न हुई और कैसे?

———0———

# पाठ–17

# भगतजी

(रामकुमार 'भ्रमर')

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा लगातार दो बार 'अखिल भारतीय प्रेमचंद पुरस्कार' से सम्मानित रचनाकार ------ हैं। (रामकुमार भ्रमर / जयशंकर प्रसाद)

(ब) 'भगतजी' ------ को सर्वोपरि मानते थे। (प्रगति / इंसानियत)

(स) 'भगतजी' ------ व्यक्तित्व के धनी थे। (साधारण / असाधारण)

(द) 'भगतजी' दीन–दुखियों की दवा लेने ------ मील चलकर शहर जाते थे। (इकतीस / इक्कीस)

(इ) भ्रमरजी की प्रमुख रचना ------ है। (फौलाद का आदमी / विप्लवगान)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'भगतजी' का शिक्षा स्तर क्या था?

(ब) 'भगतजी' के ये कहने पर कि कुंभाराम तुम्हारी तरह मेरे माथे पर चंदन और गले में मालाएँ नहीं हैं, कुंभाराम की क्या प्रतिक्रिया थी?

(स) रामकुमार 'भ्रमर' ने किस भगवान के जीवन को अपने साहित्य सृजन का विषय बनाया?

(द) भगतजी के गाँव से शहर कितनी दूर था?

(इ) 'अखिल भारतीय प्रेमचंद पुरस्कार' किस राज्य से संबंधित है?

**3. स्तम्भ 'अ' से स्तंभ 'ब' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) कुंभाराम | इंसानियत का पुजारी |
| (ब) भगतजी | जंगल का ठेकेदार |
| (स) भ्रमरजी की रचना | ईश्वर को मानने वाला |
| (द) सर्वोपरि धर्म | इंसानियत |
| (इ) आस्तिक | 'सेतुकथा' |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) 'भगतजी' नास्तिक थे।

(ब) 'भगतजी' उच्च शिक्षित थे।

(स) 'भगतजी', गांव वालों के साथ दुर्व्यवहार करते थे।

(द) कुंभाराम, 'भगतजी' से नाराज हो गया था।

(इ) 'भगतजी' जैसे लोगों का नाम महात्मागाँधी जैसे महान लोगों की सूची में नहीं होना चाहिए।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :—**

(अ) 'भगतजी' मंदिर नहीं गए क्योंकि—

(1) वे नास्तिक थे (2) मंदिर बहुत दूर था

(3) वे इंसानियत को सर्वश्रेष्ठ धर्म मानते थे

(4) मंदिर के पुजारी से उनकी लड़ाई थी।

(ब) रामकुमार 'भ्रमर' की रचना नहीं है—

(1) उलाहना (2) सेतुकथा

(3) फौलाद का आदमी (4) कच्ची—पक्की दीवारें

(स) 'भगतजी' कहानी का केन्द्रीय भाव है—

(1) धार्मिक भावनाओं को बढ़ाना (2) भगतों का समूह बनाना

(3) भगतों को नास्तिक बनाना (4) इनमें से कोई नहीं

(द) 'भगतजी' शहर जाते थे—

(1) पूजा—पाठ करने (2) घूमने—फिरने

(3) दीन—दुखियों के लिए दवा लेने (4) शहर में रह रहे अपने पुत्र से मिलने

(इ) 'भगतजी' अक्सर रहा करते थे—

(1) अमीरों के साथ (2) पुजारियों के साथ

(3) मंदिर में (4) दीन—दुखियों के साथ

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। 'भगतजी' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
2. 'भगतजी' की चारित्रिक विशेषताएँ बतलाइये।
3. 'अटकी पर कौन भगत नहीं हो जाता।' इस कथन का भाव विस्तार कीजिए।
4. 'भगतजी' कहानी का केन्द्रीय भाव क्या है?
5. कुंभाराम, भगतजी को नास्तिक क्यों समझता था?
6. 'भगतजी' का गांववालों के साथ किस प्रकार का व्यवहार था? आप 'भगतजी' के व्यवहार से कितने सहमत हैं?

7. कुंभाराम कौन था? वह स्वयं को आस्तिक क्यों मानता था?
8. भगतजी का नाम 'भगतजी' क्यों पड़ा?
9. 'इंसानियत सर्वश्रेष्ठ धर्म है।' इस कथन से आप कहां तक सहमत हैं?
10. भगतजी कम पढ़े–लिखे थे, लेकिन वे अधिक पढ़े–लिखे लोगों से काफी श्रेष्ठ थे। कैसे?
11. कुंभाराम का सिर शर्म से क्यों झुक गया था?
12. मंदिर जाते समय कुंभाराम ने शरीर पर क्या–क्या धारण किया था? रास्ते में उसकी गतिविधियाँ क्या थीं?
13. भगतजी ने कुंभाराम के पैर क्यों पकड़ लिये? और क्या कहा?
14. 'भगतजी मानवोचित दुर्बलताओं से काफी ऊँचे उठे हुए थे।' इस कथन से आप कहां तक सहमत हैं?
15. भगतजी की दिली चाह क्या थी? इसे अपने शब्दों में लिखिए।

———0———

# पाठ–18

# विप्लव गान

(बालकृष्ण 'नवीन')

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) 'विप्लव गान' –––––– की रचना है। (डॉ. गंगाप्रसाद गुप्त / बालकृष्ण शर्मा 'नवीन')

(ब) 'विप्लव गान' रचना में –––––– का आह्वान किया गया है। (शांति / क्रांति)

(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' के गीतों में ––––– परिवर्तन की शक्ति रहती है। (प्रकृति / युग)

(द) नवीन जी ने –––––– पत्रिका का सम्पादन किया। (प्रताप / ओजधारा)

(इ) कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे –––––– मच जाए। (शोर / उथल–पुथल)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'विप्लव गान' में कवि ने किसका गान किया है?

(ब) 'नवीन' जी का स्वभाव कैसा था?

(स) 'विप्लव गान' में रचनाकार ने किस तरह के परिदृश्य निर्मित करने का प्रयास किया है?

(द) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', बापू के किस आंदोलन से प्रभावित हुए थे?

(इ) 'विप्लव गान' में रचनाकार ने कवि से किस प्रकार की तान सुनने की अपेक्षा की है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | 'विप्लव गान' का केन्द्रीय भाव | प्राणों के सब ओर लाले पड़ जाएँ |
| (ब) | भारतीय संविधान निर्मात्री परिषद् के सदस्य | स्वयं कवि है |
| (स) | 'प्रताप' | क्रांति का प्रलयकारी आह्वान |
| (द) | कविता की तान से | बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |
| (इ) | क्रांति का अग्रदूत | 'नवीन' जी द्वारा संपादित पत्रिका |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का जन्म मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में हुआ था।

(ब) 'नवीन' जी ने 'प्रभा' पत्रिका का संपादन किया था।

(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' शांि के पक्षधर थे।

(द) 'विप्लव गान' कविता में कवि बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', क्रांति के सूत्रधार के प्रतीक हैं।

(इ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सांसद भी थे।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) 'विप्लव गान' कविता का केन्द्रीय भाव है–

(1) हमेशा विद्रोह करें
(2) हमेशा शांत रहें
(3) आवश्यकतानुसार क्रांति का सूत्रपात करें।
(4) देशद्रोही बनें।

(ब) 'नवीन' जी का स्वभाव नहीं था–

(1) उदार (2) फक्कड़ (3) आवेशी (4) कर्कश

(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की रचना नहीं है–

(1) अपलक (2) कुमकुम (3) रश्मिरेखा (4) दूर गगन की छांव में

(द) 'विप्लव गान' कविता में उथल–पुथल मचाने वाली तान सुनाने के लिए कवि से कहा गया है'। इस कथन का आशय है–

(1) चारों ओर शोर मचाएँ (2) साम्प्रदायिक दंगे करवाएँ
(3) युग परिवर्तन के लिए सार्थक क्रांति का बीज बोएँ
(4) हमेशा आक्रामक कार्य करें।

(इ) बालकृष्ण शर्मा का निधन हुआ–

(1) 1940 में (2) 1950 में (3) 1960 में (4) 1970 में

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. कवि किन–किन रूढ़ियों को समाप्त करना चाहता है और क्यों?
2. 'विप्लव गान' से क्या आशय है? कवि ने विप्लव के कौन से लक्षण बताए हैं?
3. 'प्रलयकारी आँख खुल जाए' से कवि का क्या तात्पर्य है? 'विप्लव गान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. नए सृजन के लिए ध्वंस की आवश्यकता क्या है? इस कथन के आधार पर कवि द्वारा वर्णित तथ्यों का उल्लेख कीजिए।
5. 'विप्लव गान' कविता में कवि किस वस्तु को विष में बदलने की बात करता है?
6. 'अंधे मूढ़ विचारों की वह अचल शिला विचलित हो जाए' कथन को स्पष्ट कीजिए।
7. कवि की तान से कौन भस्मसात हो रहे हैं? स्पष्ट कीजिए।
8. 'विप्लव गान' कविता ध्वंस और सृजन का मिला–जुला रूप है।' इस कथन से आप कहां तक सहमत हैं?

9. 'विप्लव गान' कविता का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।
10. विश्वंभर की वीणा का विश्लेषण क्या है? स्पष्ट कीजिए।
11. 'बरसे आग, जलद जल जाए' से कवि का क्या आशय है?
12. 'विप्लव गान' में कवि ने प्रकृति की कैसी छवि का चित्रण किया है? क्या कवि इसमें सफल रहा है?
13. 'कायरता कांपे, गतानुगति विगलित हो जाए' से क्या तात्पर्य है?
14. 'नया सृजन, ध्वंस के आधार पर ही संभव है।' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?
15. 'विप्लव गान' में नियम और उपनियमों के बंधन टूक–टूक होने की बात कवि ने क्यों की है?

## निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–

16. नियम और उपनियमों के ये बन्धन टूक–टूक हो जाएँ,
विश्वम्भर की पोषाक वीणा के सब तार मूक हो जाएँ,
शांति–दण्ड टूटे–उस महारुद्र का सिंहासन थर्राए,
उसकी पोषक श्वासोच्छवास, विश्व के प्रांगण में फहराए।

17. और दूसरी ओर कँपा देने वाला गर्जन उठ धाए,
अन्तरिक्ष में एक उसी नाशक तर्जन की ध्वनि मंडराए,
कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल–पुथल मच जाए।

18. प्राणों के लाले पड़ जायें, त्राहि–त्राहि रव नभ में छाए,
नाश और सत्यानाशों का धुआँधार जग में छा जाए।
बरसे आग, जलद जल जाए, भस्मसात भूधर हो जाएँ,
पाप–पुण्य सदसद्भावों की, धूल उड़ उठे दाएँ–बाएँ।

19. माता की छाती का अमृतमय पय काल कूट हो जाए,
आँखों का पानी सूखे, वे शोणित की घूँटे हो जाए।
एक ओर कायरता काँपे, गतानुगति विगलित हो जाए,
अन्धे मूढ़विचारों की वह, अचल शिला विचलित हो जाए।

———0———

## पाठ–19

# अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को

(डॉ. गंगाप्रसाद गुप्त 'बरसैंया')

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' एक –––––– प्रधान रचना है। (व्यंग्य / संस्मरण)

(ब) जब भइयाजी को कुत्ते ने काटा तो बस्ती में –––––– मच गया। (तहलका / शोर)

(स) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' समाज में व्याप्त ––––– पर गहरी चोट है। (विसंगतियों / भ्रष्टाचार)

(द) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' के व्यंग्यकार –––––– हैं। (हरिशंकर परसाई / डॉ. गंगाप्रसाद गुप्त 'बरसैंया')

(इ) सुख–दुख के प्रसंग –––––– प्रमाणित करने के सबसे अनुकूल सार्वजनिक अवसर होते हैं। (उपस्थिति / आत्मीयता)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) वर्तमान समय में सुख–दुख के प्रसंगों पर कई बार कृत्रिम रूप से क्या प्रदर्शित किया जाता है?

(ब) लेखक ने कुत्ते की किस विशेषता को रेखांकित करके व्यंग्य को तीखा किया है?

(स) भारत में अक्सर दूसरों की समस्या या तकलीफ दूर करने के प्रति हमारा क्या रवैया होता है?

(द) वर्तमान अधिकांश साहित्यकारों की प्रवृत्ति क्या है?

(इ) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' पाठ के अंत में क्या तय हुआ?

**3. स्तम्भ 'अ' से स्तंभ 'ब' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) भइयाजी को कुत्ते काटने की खबर | पीलू था |
| (ब) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' | जंगल में आग की तरह फैली |
| (स) कुत्ते के काटने को | सत्ता और समर्थकों के गायक हैं |
| (द) वर्तमान में अधिकांश साहित्यकार | भुना लिया जाये |
| (इ) कुत्ते का नाम | सामाजिक वैषम्य पर व्यंग्य है |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) भइयाजी को कुत्ते के काटने पर बस्ती में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

(ब) भइयाजी के घर उनसे मिलने वाले सहानुभूति और आत्मीयता प्रदर्शित कर रहे थे।

(स) 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी को' व्यंग्य के अनुसार हिन्दुस्तान में दूसरों की समस्या या तकलीफ दूर करने के लिये हर व्यक्ति ज्ञानी होता है।

(द) भइयाजी को जब कुत्ते ने काटा तब उनके हाथ में टॉर्च नहीं था।

(इ) भइयाजी को कुत्ते द्वारा काट लिये जाने पर इंजेक्शन लगवाने की सलाह त्रिपुंडजी ने दी थी।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) भइयाजी को कुत्ते द्वारा काट लेने से झड़ी लग गई–

(1) सलाह की (2) संवेदना की (3) उपचार की (4) उपेक्षा की

(ब) भइयाजी को दस कुँए झँकवा दिये जाने का सुझाव दिया था–

(1) त्रिपुंड जी ने (2) डॉ. शिशिरानंद ने (3) चतुरेश ने (4) भइयाजी के पुत्र ने

(स) भइयाजी की हार्दिक इच्छा थी कि कुत्ते के काटने की खबर–

(1) रेडियो पर प्रसारित हो (2) दूरदर्शन पर प्रसारित हो
(3) अखबारों में छपे (4) किसी को न मालूम हो

(द) भइयाजी के किस निकटतम संबंधी को भी कुत्ते ने काट लिया–

(1) पिताजी (2) पुत्री (3) भाई (4) माताजी

(इ) 'पीलू' कौन था?

(1) कुत्ता (2) चौकीदार
(3) भइयाजी का नौकर (4) भइयाजी का मकान मालिक

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'हिन्दुस्तान में दूसरों की समस्या या तकलीफ दूर करने के लिए हर व्यक्ति ज्ञानी होता है' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं।
2. 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी' व्यंग्य के माध्यम से लेखक साहित्यकारों को क्या संदेश देना चाहता है?
3. लेखक के अनुसार मौन से प्रसंग आत्मीयता को प्रमाणित करते हैं। 'अथ काटना कुत्ते का भइयाजी' व्यंग्य के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. कुत्ते के काटने पर भइयाजी को उनके हितचिंतकों ने किस प्रकार के सुझाव दिये?
5. कुत्ते की मानसिक स्थिति का वर्णन कीजिए, जिससे उत्तेजित होकर उसने भइया जी को काटने का निश्चय किया?
6. 'आजकल साहित्यकार, सत्ता और समर्थों का गायक बनकर सम्मान और पैसे के पीछे भाग रहा है' इन पंक्तियों में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिये।

7. कुत्ता काटने की घटना का वर्णन भइयाजी किस प्रकार करते हैं?
8. वैज्ञानिक सोच के कवि चतुरेश ने भइयाजी को क्या सुझाव दिया?
9. दधीचिजी ने भइया को कुत्ते द्वारा काट लिये जाने पर क्या सुझाव दिया?
10. 'सुख दुख के प्रसंग ही आत्मीयता प्रमाणित करने के सबसे अनुकुल सार्वजनिक अवसर होते हैं', इस कथन से क्या आशय है?
11. 'शो–पीस कुत्ते' से क्या आशय है? ये कितने उपयोगी होते हैं?
12. कुत्ते के भीतर अपमान की वह क्या व्यथा थी जिसकी वजह से उसने भइयाजी को काट लिया?
13. कुत्ते द्वारा काट लिये जाने की घटना को भइयाजी किस तरह भुनाना चाहते थे?
14. आपके विचार से चतुरेश, शिशिरानंद, त्रिपुंड और दधीचिजी में से किसके विचार भइयाजी की सेहत के लिए उचित थे?
15. भइयाजी के प्रति बाहर से दुःखी और भीतर से प्रसन्न लोगों की प्रतिक्रिया भइयाजी को कुत्ते द्वारा काटने के बाद क्या रही?

———0———

# पाठ–20

## भू का त्रास हरो

(रामधारीसिंह 'दिनकर')

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक के लिए एक अंक)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) 'भू का त्रास हरो' कविता में अविचारी और विलासी शासकों की –––––– की गई है। (प्रशंसा / निंदा)

(ब) रामधारीसिंह 'दिनकर' को –––––– कृति के लिये भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। (हुंकार / उर्वशी)

(स) 'दिनकर' ने आवश्यकता पड़ने पर ज्ञानवान व्यक्तियों को भी ––––– उठाने की सलाह दी है। (कलम / तलवार)

(द) 'कुरूक्षेत्र' विचार काव्य के रचयिता –––––– हैं। (सुमित्रानंदन पंत / रामधारीसिंह 'दिनकर')

(इ) रामधारीसिंह 'दिनकर' का जन्म –––––– में हुआ था। (उत्तर प्रदेश / बिहार)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) समाज, सुख का अनुभव कब करेगा?

(ब) रामधारीसिंह दिनकर की वह रचना जिसे भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(स) मदांध शासकों को सबक सिखाने के लिए ज्ञानियों को आवश्यकतानुसार क्या उठाना चाहिए?

(द) राज्यसभा सदस्य और वर्ष 1964 में केन्द्र सरकार की हिन्दी समिति का परामर्शदाता व्यक्ति कौन था?

(इ) भोगी भूपों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिये?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) भोगी भूप | चारों ओर फैली अव्यवस्था |
| (ब) वास्तविक विभूतियाँ | वीर रस से ओतप्रोत कविता |
| (स) 'भू का त्रास हरो' | सुख–सुविधा में डूबे राजनेता |
| (द) अविचारी और विलासी शासक | कवि, कलाकार, ज्ञानी |
| (इ) आग में पड़ी धरती | मदांध शासक |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) रामधारीसिंह 'दिनकर' राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हुये थे।

(ब) 'भू का त्रास हरो' कविता में कवि ने विलासी शासकों का गुणगान किया है।

(स) 'दिनकर' के अनुसार जो शासक केवल तलवार की ताकत से सत्ता सुरक्षित रखता है उसका प्रतिकार किया जाना चाहिए।

(द) 'दिनकर' के अनुसार नीति विमुख राजसत्ता को समाज का बौद्धिक और कलाकार–वर्ग मार्ग पर लाने में असमर्थ है।

(इ) 'भू का त्रास हरो' कविता में शासक (राजा) वर्ग को कवि ने मदान्ध अधिकारी की संज्ञा दी है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये :–**

(अ) 'दिनकर' ने किसको संसार द्वारा पहचानने की आवश्यकता पर बल दिया है–

(1) कवि को (2) ज्ञानी को (3) विज्ञान–विशारद को (4) शासक को

(ब) 'दिनकर' की रचना नहीं है–

(1) जयद्रथ वध (2) रेणुका (3) हुंकार (4) नीलकुसुम

(स) सत्तामद में डूबे शासक अपने जीवन–दर्शन को बदल सकते हैं–

(1) केवल शब्द चुनकर (2) तलवारों से

(3) शब्द एवं तलवार दोनों से (4) व्यवहार से

(द) मदान्ध शासक वर्ग का प्रतिकार करने में सक्षम हैं–

(1) ज्ञानीजन (2) कलाकार (3) कवि (4) उपरोक्त सभी

(इ) 'दिनकर' नहीं थे–

(1) राज्यसभा सदस्य (2) प्राध्यापक

(3) हिन्दी समिति के परामर्शदाता (4) शिल्पकार

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न (चार एवं पाँच अंक)

1. 'आग में पड़ी धरती से कवि का क्या तात्पर्य है'? 'भू का त्रास हरो' कविता के आधार पर समझाइये।
2. कवि ने अविचारी नृप समाज के साथ कैसा व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया है?
3. 'भू का त्रास हरो' कविता में कवि का भोगी भूप से क्या आशय है?
4. जब तक भोगी भूप प्रजाओं के नेता कहलायेंगे? पंक्ति का भाव पल्लवन कीजिये।
5. 'दिनकर' के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर ज्ञानियों को क्या धारण करना चाहिए और क्यों?
6. 'भूप समझता नहीं और कुछ छोड़ खड्ग भाषा को'। इस पंक्ति का अपने शब्दों में विस्तार कीजिये।

7. कवि के अनुसार राजाओं से भी पूज्य कौन है और क्यों?
8. कवि 'दिनकर' के अनुसार किस शासक वर्ग का प्रतिकार करना चाहिए?
9. एक आदर्श नेता में आप किन–किन गुणों की अपेक्षा रखते हैं?
10. भू का त्रास हरने के लिए आप क्या करना चाहेंगे? अपने शब्दों में लिखिए।
11. 'भू का त्रास हरो' कविता में कवि के अनुसार धरती कब तक दुःखों से नहीं छूट पायेगी?
12. शासक वर्ग (राजा) आमतौर पर मदान्ध होता है, क्यों?
13. संसार की प्रमुख विभूतियों में समाज के किस–किस वर्ग को शामिल किया गया है?
14. ज्ञानी व्यक्ति को भी आवश्यकतानुसार और अनिवार्य परिस्थितियों में बल प्रयोग करने में नहीं झिझकना चाहिए। क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं?
15. ज्ञान, त्याग, तप को श्रेष्ठता का पद पाने के मार्ग में क्या प्रमुख बाधा है और इसे कैसे दूर किया जा सकता है?

## निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये–

16. कवि, कोविद, विज्ञान–विशारद, कलाकार, पंडित, ज्ञानी,
कनक नहीं, कल्पना, ज्ञान, उज्जवल चरित्र के अभिमानी,
इन विभूतियों को जब तक संसार नहीं पहचानेगा,
राजाओं से अधिक पूज्य जब तक न इन्हें वह मानेगा।

17. जब तक भोगी भूप प्रजाओं के नेता कहलायेंगे,
ज्ञान, त्याग, तप नहीं श्रेष्ठता का जब तक पद पायेंगे।
अशन–वसन से हीन, दीनता में जीवन धरने वाले,
सहकर भी अपमान मनुजता की चिन्ता करने वाले।

18. तब तक पड़ी आग में धरती, इसी तरह, अकुलायेगी,
चाहे जो भी करे, दुखों से छूट नहीं वह पायेगी।
थकी जीभ समझाकर, गहरी लगी ठेस अभिलाषा को,
भूप समझता नहीं और कुछ छोड़ खड्ग की भाषा को।

19. रोक–टोक से नहीं सुनेगा, नृप–समाज अविचारी है,
ग्रीवाहर निष्ठुर कुठार का यह मदान्ध अधिकारी है।
इसीलिए तो मैं कहता हूँ, अरे ज्ञानियों खड्ग धरो,
हर न सका जिसको कोई भी, भू का वह तुम त्रास हरो।

———0———

# 'कहानी का उद्भव एवं विकास'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) मानव जीवन की किसी एक घटना का वर्णन ............... में किया जाता है। (कहानी / उपन्यास)

(ब) कहानी के कुल ............... तत्व होते हैं। (छह / आठ)

(स) घटनाओं के जटिल जाल को ............... कहते हैं। (कथानक / चरित्र–चित्रण)

(द) कथा का विकास ............... के द्वारा होता है। (चरित्र–चित्रण / संवाद)

(इ) 'कादम्बरी' को श्री गजाधर सिंह ने ............... के रूप में अनुदित किया था। (बड़ी कहानी / छोटी कहानी)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) "कहानी, घटनाओं का वह सुसम्बद्ध क्रम है, जो पाठक को किसी परिणाम तक पहुँचा सके।" उक्त परिभाषा किसने दी है?

(ब) 'कफन' के कहानीकार कौन हैं?

(स) 'पुरस्कार' कहानी किसने लिखी है?

(द) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' द्वारा लिखित प्रसिद्ध कहानी का नाम लिखिए।

(इ) हिन्दी की प्रथम मौलिक कहानी कौन–सी है?

**3. स्तम्भ 'अ' से स्तंभ 'ब' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) नए मेहमान | जयशंकर प्रसाद |
| (ब) ममता | प्रेमचन्द |
| (स) पंच परमेश्वर | विश्वंभरनाथ शर्मा |
| (द) उसने कहा था | उदयशंकर भट्ट |
| (इ) रक्षाबंधन | चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) 'आकाशदीप' कहानी के लेखक प्रेमचंद हैं।

(ब) 'सुनीता', जैनेन्द्रजी की एक प्रसिद्ध कहानी है।

(स) 'पराया सुख' कहानी में मार्क्सवादी दृष्टिकोण है।

(द) वर्ष 1947 के बाद के काल को कहानी के विकास का काल कहा जाता है।

(इ) मन्नू भंडारी द्वारा लिखित प्रसिद्ध कहानी 'सजा' है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) घटना–प्रधान कहानी को चरित्र–प्रधान कहानी में रूपांतरित किया गया है–

(1) प्रेमचंद ने (2) जैनेन्द्र कुमार ने (3) जयशंकर प्रसाद ने (4) अज्ञेय ने

(ब) भगवतीप्रसाद वाजपेयी द्वारा लिखित कहानी नहीं है–
(1) मिठाईवाला (2) उपहार (3) मेरे सपने (4) छाया

(स) प्रेमचंद द्वारा लिखित प्रसिद्ध कहानी है–
(1) कफ़न (2) कर्बला (3) गोदान (4) ग़बन

(द) 'आकाशदीप' कहानी के लेखक हैं–
(1) जयशंकर प्रसाद (2) प्रेमचंद (3) अज्ञेय (4) जैनेन्द्र

(ई) 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक हैं–
(1) राजेंद्र यादव (2) कृष्णा सोवती (3) हिमांशु जोशी (4) भीष्म साहनी

## लघुउत्तरीय प्रश्न

1. कहानी किसे कहते हैं? कहानी की परिभाषा लिखिए।
2. कहानी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए एवं किसी एक तत्व को विस्तार से समझाइये।
3. हिन्दी कहानी के विकास को क्रमबद्ध रूप से समझाइए।
4. हिन्दी के विकासकाल के दौरान कौन–कौन सी कहानियाँ लिखी गईं? प्रमुख कहानीकारों का उल्लेख कीजिए।
5. कहानी का उत्कर्ष काल कब से माना जाता है? उत्कर्ष काल में कहानीकारों के योगदान को समझाइए।
6. आधुनिक युग की प्रमुख महिला कहानीकारों और उनके द्वारा लिखित कहानियों के नाम लिखिए।
7. प्रेमचंद तथा प्रसाद की प्रमुख दो–दो कहानियों के नाम लिखकर इनकी कहानियों की एक–एक प्रमुख विशेषता लिखिए।
8. स्वतंत्रता के पूर्व की किसी प्रसिद्ध महिला कहानीकार का नाम बताइये? उनकी प्रमुख तीन कहानियों के नाम लिखिए।
9. कहानीकार के समक्ष वर्तमान में प्रमुख रूप से कौन सी चुनौतियाँ हैं? इन चुनौतियों का सामना कैसे किया जा सकता है?
10. जैनेन्द्र ने हिन्दी कहानी को कौन–सी दिशा प्रदान की? जैनेन्द्र की कहानियों की विशेषताएँ लिखिए।

———0———

## 'एकांकी का उद्भव एवं विकास'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) एकांकी में ............... होता है। (एक अंक/आधा अंक)

(ब) हिन्दी के प्रथम एकांकी का नाम ............... है। (एक घूँट/बादल की मृत्यु)

(स) 'भारत जननी' ............... द्वारा लिखित प्रसिद्ध एकांकी है। (भारतेन्दु हरिश्चन्द्र/बालकृष्ण भट्ट)

(द) एकांकी के ............... तत्व होते हैं। (छह/सात)

(इ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के लेखक ............... हैं। (भुवनेश्वर/रामकुमार वर्मा)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) "नए मेहमान" के एकांकीकार कौन हैं?

(ब) धर्मवीर भारती की एक प्रमुख एकांकी का नाम लिखिए।

(स) 'बंदी' एकांकी किसने लिखी है?

(द) शिल्प की दृष्टि से नयापन किस युग में आया है?

(इ) 'सूखी डाली' एकांकी में किस समस्या को चित्रित किया गया है?

**3. स्तम्भ 'अ' से स्तंभ 'ब' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) 'नदी प्यासी थी' | लक्ष्मीनारायण लाल |
| (ब) 'अंडे के छिलके' | उपेन्द्रनाथ अश्क |
| (स) 'मोहरों की दुनिया' | मोहन राकेश |
| (द) 'पर्वत के पीछे' | धर्मवीर भारती |
| (ई) 'सूखी डाली' | नरेश मेहता |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) एकांकीकार, कथावस्तु में कथा के माध्यम से एक घटना को दूसरी घटना से जोड़ता है।

(ब) एकांकीकार, पात्रों के माध्यम से अपनी अनुभूतियों को दर्शकों तक नहीं पहुँचा पाता है।

(स) रामकुमार वर्मा युग में हिन्दी एकांकी में शिल्प की दृष्टि से नयापन आया है।

(द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित एकांकी 'सती प्रताप' संस्कृत नाट्यशास्त्र से प्रभावित नहीं है।

(इ) 'बंदी' जगदीशचन्द्र माथुर द्वारा लिखित प्रसिद्ध एकांकी है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) निम्नलिखित में से लक्ष्मीनारायण लाल द्वारा लिखित एकांकी नहीं है–

(1) यक्ष प्रश्न (2) मम्मी ठकुराइन (3) ताजमहल के आँसू (4) नीली झील

(ब) मोहन राकेश द्वारा लिखित एकांकी है–

(1) अंडे के छिलके (2) सृष्टि का आखिरी आदमी
(3) दीवार के कान (4) एक दिन

(स) प्रसाद युग में एकांकी का प्रमुख विषय रहा है–

(1) राष्ट्रीय (2) पौराणिक (3) धार्मिक (4) उपरोक्त सभी

(द) भारतेन्दु युग की अवधि (समय) है–

(1) 1870–1910 (2) 1872–1910 (3) 1860–1920 (4) 1850–1900

(ई) एकांकी की कथावस्तु को विभक्त किया गया है–

(1) चार भागों में (2) तीन भागों में (3) दो भागों में (4) पाँच भागों में

## लघुउत्तरीय प्रश्न

1. एकांकी किसे कहते हैं? प्रमुख एकांकीकारों के नाम उनकी एकांकी सहित लिखिए।
2. हिन्दी की प्रथम एकांकी किसे माना गया है? एकांकी के विकास को क्रमबद्ध रूप में लिखिए।
3. प्रसाद युग के प्रमुख एकांकीकारों के नाम तथा उनके द्वारा लिखी गई एकांकियों के नाम लिखिए।
4. रामकुमार वर्मा युग की चार प्रमुख विशेषताएँ तथा उनकी दो एकांकियों के नाम लिखिए।
5. भारतेन्दु युग की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
6. एकांकी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए तथा एकांकी की कथावस्तु के विकास क्रम को समझाइए।
7. स्वातंत्र्योत्तर युग के प्रमुख एकांकीकारों और उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।
8. स्वातंत्र्योत्तर युग क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।
9. एकांकी में 'वातावरण' तथा 'भाषा–शैली' से आप क्या समझते हैं?
10. 'पात्र' तथा संवाद का एकांकी में क्या योगदान है? स्पष्ट कीजिए।

–––0–––

# व्याकरण

## 'शब्द निर्माण'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) अक्षरों के समूह को ............... कहते हैं। (वाक्य/शब्द)

(ब) अर्थ की दृष्टि से शब्द ............... प्रकार के होते हैं। (दो/तीन)

(स) स्त्रोत के आधार पर शब्द ............... प्रकार के होते हैं। (चार/पाँच)

(द) जिन शब्दों से किसी अर्थ का बोध हो, वे .............. शब्द कहलाते हैं। (सार्थक/निरर्थक)

(इ) 'अंकुर' एक .............. शब्द है। (तद्‌भव/तत्सम)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) प्रयोग के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं?

(ब) 'अचरज' का तत्सम शब्द लिखिए।

(स) 'सूर्य' का तद्‌भव शब्द लिखिए।

(द) 'केन्द्र' किस भाषा से लिया गया शब्द है?

(इ) 'कानून' किस भाषा का शब्द है?

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | तत्सम | तोप |
| (ब) | तद्‌भव | प्रस्तर |
| (स) | देशज | औलाद |
| (द) | विदेशी | पत्थर |
| (इ) | तुर्की | लोटा |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये–**

(अ) 'कारतूस' शब्द फ्रांसीसी भाषा से लिया गया है।

(ब) विकारी वे शब्द हैं जिनके रूप, लिंग, वचन और कारक के आधार पर बदलते नहीं हैं।

(स) अविकारी वे शब्द है जिनके रूप, लिंग, वचन और कारक के आधार पर बदल जाते हैं।

(द) 'आग' का तत्सम अग्नि है।

(इ) 'पगड़ी' तद्‌भव शब्द है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये–**

(अ) दो या दो से अधिक शब्दों अथवा शब्दांशों के मेल से बने शब्द कहलाते हैं–

(1) यौगिक शब्द (2) रूढ़ शब्द (3) योग शब्द (4) तत्सम शब्द

(ब) 'चंद्र' शब्द है–

(1) तत्सम (2) तद्भव (3) विदेशी (4) देशज

(स) 'तत्सम' का शाब्दिक अर्थ है–

(1) उससे दूर (2) उसके समान (3) विकृत रूप (4) कोई संबंध नहीं

(द) वाङगमय शब्द है

(1) मराठी का (2) उर्दू का (3) गुजराती का (4) बृज का

(ई) 'कमरा' शब्द है–

(1) तुर्की का (2) पुर्तगाली का (3) ग्रीक का (4) अंग्रेजी का

## लघुउत्तरीय प्रश्न

1. सार्थक और निरर्थक शब्दों में क्या अन्तर है?
2. तत्सम शब्द किसे कहते हैं? कोई पाँच तत्सम शब्द लिखिए।
3. तत्सम और तद्भव शब्दों में प्रमुख अंतर लिखिये।
4. विदेशी शब्दों के कोई पाँच उदाहरण दीजिए।
5. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं? निम्नलिखित शब्दों को इन भेदों के आधार पर वर्गीकृत कीजिए।

   जलज, हिमालय, वृक्ष, नीरज, गाय, वनवासी
6. हिन्दी भाषा के शब्द भंडार में कितने प्रकार के शब्द हैं? प्रत्येक के तीन–तीन उदाहरण दीजिए।
7. विकारी और अविकारी शब्दों में क्या भेद है? लिखिए।
8. संज्ञा किसे कहते हैं? कोई चार उदाहरण दीजिए।
9. सर्वनाम क्या है? कोई चार उदाहरण लिखिए।
10. क्रिया किसे कहते हैं? कोई पाँच 'क्रिया शब्द' लिखिए।
11. उर्दू एवं बंग्ला भाषा के आये कोई चार–चार शब्द लिखिये।
12. कोई दो–दो तत्सम एवं देशज शब्द लिखिए।

———0———

# 'उपसर्ग'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) वे शब्दांश जो किसी शब्द मे पूर्व जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते है, उन्हें ................ कहते हैं। (उपसर्ग / प्रत्यय)

(ब) उपसर्ग के ................ भेद होते हैं। (चार / पाँच)

(स) 'बे' ................ भाषा का उपसर्ग हैं। (उर्दू / संस्कृत)

(द) 'अति' उपसर्ग ................ भाषा का है। (संस्कृत / उर्दू)

(इ) 'अन' उपसर्ग .............. भाषा का है। (हिन्दी / उर्दू)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) किसी शब्द के पूर्व जुड़कर उसका अर्थ बदल देने वाले शब्दांश क्या कहलाते हैं?

(ब) उपसर्ग के कितने भेद होते हैं?

(स) 'कम' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।

(द) अतिशय में कौन सा उपसर्ग है?

(इ) 'खुश' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए।

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए।**

| | 'क' (शब्द) | 'ख' (उपसर्ग) |
|---|---|---|
| (अ) | कमजोर | अति |
| (ब) | अथाह | अधः |
| (स) | अतिशय | उप |
| (द) | अधःपतन | कम |
| (इ) | उपयोग | अ |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये।**

(अ) 'ला' उर्दू भाषा का उपसर्ग है?

(ब) 'कु' संस्कृत भाषा से संबद्ध उपसर्ग है।

(स) 'अति' हिन्दी भाषा का उपसर्ग है।

(द) 'नि' हिन्दी भाषा का उपसर्ग नहीं है।

(इ) उपसर्ग के चार भेद होते हैं।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) 'आ' उपसर्ग वाला शब्द है–

(1) आप (2) आजाद (3) आजन्म (4) आटा

(ब) 'चिर' उपसर्ग, वाला शब्द नहीं है–

(1) चिरंजीव (2) चिरकाल (3) चिरस्थायी (4) चिरौंजी

(स) संस्कृत भाषा का उपसर्ग है–

(1) प्र (2) अ (3) ना (4) अन

(द) हिन्दी भाषा का उपसर्ग नहीं है–

(1) अन (2) अ (3) अध (4) हम

(ई) उर्दू भाषा से संबद्ध उपसर्ग है–

(1) सर (2) स (3) उत् (4) अधः

## लघुउत्तरीय प्रश्न– (चार अंक)

1. उपसर्ग किसे कहते हैं? कोई तीन उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
2. उपसर्ग के भेद लिखिए। प्रत्येक का एक–एक उदाहरण दीजिए।
3. ऐसे दो–दो शब्द लिखिए जिसमें नीचे लिखे उपसर्ग हों–

   प्र ———————— ————————

   अप ———————— ————————

   आ ———————— ————————

   परा ———————— ————————
4. नीचे लिखे शब्दों में से उपसर्ग छांटिये–

   अत्याचार, दुराचार, निराधार, साकार
5. 'कु' 'नि', 'गैर', 'सु', उपसर्ग से बने दो–दो शब्द लिखिए।
6. प्रत्यय और उपसर्ग की परिभाषा लिखकर इनमें कोई चार प्रमुख अन्तर लिखिए।
7. निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग बदलकर विलोम शब्द लिखिए।

   दुर्गुण ———————— ————————

   निश्चित ———————— ————————

   प्रतिकूल ———————— ————————
8. नीचे लिखे शब्दों में से उपसर्ग छांटिये–

   प्रत्यागमन, सदाचार, अलंकार, अनाधिकृत
9. 'बे', 'ना', 'ला', 'कम' उपसर्ग वाले दो–दो शब्द लिखिए।
10. 'अ', 'कु', 'स', 'अधः' उपसर्ग लगाकर दो–दो शब्द बनाइए।

———0———

## 'प्रत्यय'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) वे शब्दांश जो किसी शब्द मे अंत में लगने पर उस शब्द का अर्थ बदल दें, उन्हें . ............. कहते हैं। (प्रत्यय / उपसर्ग)

(ब) प्रत्यय के ............... प्रकार हैं। (दो / तीन)

(स) संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में लगने वाले प्रत्यय को ............... प्रत्यय कहते हैं। (तद्धित / उद्धेत)

(द) मानवता में प्रत्यय है ...............। (वता / ता)

(इ) .............. के अंत में लगाये जाने वाले प्रत्यय को कृत प्रत्यय कहते हैं। (धातुओं / वाक्य)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'पन' प्रत्यय से एक शब्द बनाइये।

(ब) 'विद्‌मान' में प्रत्यय छांटिये।

(स) 'छलिया' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(द) 'ईय' प्रत्यय से एक शब्द बनाइये।

(इ) 'अच्छाई' में से प्रत्यय छांटिये।

**3. स्तम्भ 'क' से स्तंभ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–**

| | 'क' (प्रत्यय) | 'ख' (शब्द) |
|---|---|---|
| (अ) | हार | बेलनी |
| (ब) | आवा | लिखाई |
| (स) | नी | चिल्लाहट |
| (द) | ई | भुलावा |
| (इ) | आहट | होनहार |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये–**

(अ) क्रिया के अंत में लगाये जाने वाले प्रत्यय को तद्धित प्रत्यय कहते हैं?

(ब) 'मानवता' शब्द में तद्धित प्रत्यय है।

(स) 'अच्छा' प्रत्यय से 'अच्छापन' शब्द बना है।

(द) 'लड़ाई' शब्द में कृत प्रत्यय नहीं है।

(इ) 'भिक्ष्' शब्द में 'उक' प्रत्यय लगाने से 'भिक्षुक' शब्द बनेगा।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजियेः–**

(अ) संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में लगने वाले प्रत्यय को कहते हैं–

(1) तद्धित (2) उद्धेत (3) कृत (4) कृतत्व

(ब) 'मानव' शब्द में 'ता' प्रत्यय जुड़ने से नवीन शब्द बनेगा–

(1) मानवता (2) मानवेंद्र (3) मानवीय (4) मानवीकरण

(स) 'पन' प्रत्यय वाला सार्थक शब्द है–

(1) तपन (2) अपनापन (3) लीपन (4) अपन

(द) 'आवट' प्रत्यय वाला शब्द है–

(1) लिखावट (2) बनवाई (3) लिखाई (4) पढ़ाई

(ई) 'कृत'–प्रत्यय के प्रकार हैं–

(1) पाँच (2) चार (3) तीन (4) दो

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. प्रत्यय किसे कहते है? ये कितने प्रकार के होते है?
2. कृंदत प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं?
3. तद्धित प्रत्यय के कौन–कौन से भेद हैं? प्रत्येक का नाम और एक–एक उदाहरण दीजिए।
4. कृदंत तथा तदि्धत् प्रत्यय के मध्य प्रमुख अन्तर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
5. वाक्य में प्रत्यय की क्या भूमिका हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
6. भाववाचक संज्ञाएँ बनाने के लिए कौन–कौन से प्रत्यय लगाए जाते हैं? कोई दो उदाहरण दीजिये।
7. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय छांटिये।

| | | |
|---|---|---|
| दयालु | –––––––––– | –––––––––– |
| लम्बाई | –––––––––– | –––––––––– |
| झगड़ालू | –––––––––– | –––––––––– |
| ईर्ष्यालू | –––––––––– | –––––––––– |
| खिलाड़ी | –––––––––– | –––––––––– |

8. 'आई' प्रत्यय लगाकर चार शब्द बनाइए।
9. गुणवाचक प्रत्यय को, चार उदाहरण सहित समझाइए।
10. 'ई' प्रत्यय से पाँच शब्द बनाइये।

–––0–––

# 'संधि'

## 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–

(अ) दो वर्णों के परस्पर मेल से जो विकार या परिवर्तन होता है उसे ............. कहते हैं। (संधि / समास)

ब ............. के बाद किसी स्वर या व्यंजन के आने पर जब व्यंजन में जो विकार होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

स विद्या + आलय .............. संधि का उदाहरण है। (व्यंजन / स्वर)

द दो स्वरों के मेल से उत्पन्न विकारों को ............. संधि कहते हैं। (व्यंजन / स्वर)

इ मनोरथ का संधि विच्छेद ............. है। (मनो+रथ / मन+रथ)

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिये–

अ. सज्जन का संधि विच्छेद कीजिये।

ब. स्वर संधि का एक उदाहरण दीजिये।

स. 'जगदीश' में कौनसी संधि है?

द. अत + एव की संधि से कौनसा शब्द बनेगा?

इ. संधि के कितने प्रकार होते है?

## 3. स्तम्भ 'क' से स्तम्भ 'ख' का सही मिलान कर जोड़ियाँ बनाइए–

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| अ | प्रातःकाल | यण संधि |
| ब | विद्यालय | गुण स्वर संधि |
| स | जगदीश | विसर्ग संधि |
| द | राजेश | व्यंजन संधि |
| इ | आकृति | दीर्घ स्वर संधि |

## 4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये–

अ जगन्नाथ में स्वर संधि है।

ब नायक में व्यंजन संधि है।

स संधि के तीन प्रकार हैं।

द दीर्घ संधि में दो स्वरों के योग से दीर्घ स्वर बनता है।

इ विसर्ग ( : ) के होने पर ही विसर्ग संधि होती है।

**5. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिये–**

अ दिक् + अम्बर में संधि है–

(1) व्यंजन (2) विसर्ग (3) गुण (4) दीर्घ

ब 'सज्जन' का संधि विग्रह है–

(1) सत् + जन (2) सज् + जन (3) सज्ज + जन (4) सत + जन

स 'गिरीश' में संधि है–

(1) दीर्घ (2) गुण (3) व्यंजन (4) स्वर

द व्यंजन के बाद स्वर या व्यंजन के आने पर व्यंजन में जो विकार होता है उसे कहते हैं–

1. व्यंजन संधि 2. गुण संधि 3. दीर्घ संधि 4. विसर्ग संधि

इ मनः + रथ संधि से बना शब्द है–

1. मनःरथ 2. मनोरथ 3. मनैःरथः 4. मनुरथ

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. संधि किसे कहते हैं? संधि के मुख्य प्रकार बताइये।
2. व्यंजन संधि के कोई चार उदाहरण लिखिये।
3. विसर्ग संधि किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण दीजिये।
4. संधि के मुख्य भेद उदाहरण सहित बताइये।
5. निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिये–

   सत्यार्थ, कपीश, दन्तोष्ट, महेश्वर, नमस्कार
6. निम्नलिखित की संधि कर नवीन शब्द बनाइये–

   कार्य+आलय, निः + आशा, निर + रस, सत्य + अर्थ, दुः + चरित्र
7. निम्नलिखित में संधि के प्रकार का केवल नाम लिखिये–

   दुः + चरित्र, सत् + आचार, परम + आनंद, तथा + एव
8. स्वर संधि से आप क्या समझते हैं? इसे स्वर संधि क्यों कहते हैं। इसके भेदों को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।

———0———

## 'समास'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) परस्पर संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक शब्दों के संयोग को ............. कहते हैं। (समास/संधि)

(ब) अव्ययीभाव समास में ............. प्रधान होता है। (पूर्व पद/उत्तरपद)

(स) देशभक्ति ............. समास का एक उदाहरण है। (तत्पुरुष/अव्ययीभाव)

(द) ............. समास में प्रथम पद संख्यावाचक विशेषण होता है। (द्वंद्व/द्विगु)

(इ) हाथों–हाथ में ................... समाज होगा। (अव्ययी भाव/तत्पुरुष)

**2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'पीताम्बर' में कौनसा समास है?

(ब) बहुब्रीहि समास का एक उदाहरण दीजिए।

(स) माता–पिता में कौनसा समास है।

(द) 'यथाशक्ति' किस समास का उदाहरण है?

(ई) 'फटा है कान जिसका', किस समास का उदाहरण है।

**3. स्तम्भ 'क' से स्तम्भ 'ख' का सही मिलान कर जोड़ियाँ बनाइये–**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | प्रतिदिन | द्वंद्व |
| (ब) | देशभक्ति | कर्मधारय |
| (स) | दिन–रात | तत्पुरुष |
| (द) | पंचवटी | अव्ययीभाव |
| (इ) | नीलकंठ | द्विगु |

**3. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये–**

(अ) कमलनयन शब्द में कर्मधारय समास है।

(ब) माता और पिता में बहुब्रीहि समास है।

(स) 'लम्बोदर' कर्मधारय समास का उदाहरण है।

(द) 'रामभक्त' में कौनसा समास है।

(इ) द्विगु पद में प्रथम पद संख्यावाचक विशेषण होता है।

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(अ) तत्पुरुष समास नहीं है–

(1) राजपुत्र (2) गगनचुम्बी (3) अमृतधारा (4) नीलकमल

(ब) द्विगु समास का उदाहरण है–

(1) रात–दिन (2) पंचवटी (3) चरणकमल (4) माता–पिता

(स) समास के भेद हैं–

(1) छह (2) पाँच (3) चार (4) तीन

(द) जिस समास में पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य हो वह है–

(1) कर्मधारण (2) बहुब्रीहि (3) द्विगु (4) तत्पुरुष

(इ) अव्ययीभाव समास में–

(1) दूसरा शब्द प्रधान होता है (2) पहला शब्द प्रधान होता है

(3) पहला शब्द विशेष्य होता है (4) दूसरा शब्द विशेषण होता है

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. समास किसे कहते हैं? इसके प्रमुख प्रकारों के केवल नाम लिखिए।
2. कर्मधारय समास किसे कहते हैं? कोई चार उदाहरण लिखिए।
3. निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह कर निहित समास के प्रकार का नाम लिखिए–
   (अ) पति–पत्नी (ब) चौराहा (स) प्रतिदिन (द) दशानन
4. बहुब्रीहि समास की परिभाषा लिखकर कोई चार उदाहरण दीजिए।
5. सामासिक विग्रह कर निहित समास का नाम लिखिए।
   (अ) पंचवटी (ब) नीलकंठ (स) आदान–प्रदान (द) पीताम्बर
6. तत्पुरुष समास को परिभाषित करते हुए कोई चार उदाहरण लिखिए।
7. कर्मधारय एवं द्विगु समास का उदाहरण देकर अंतर स्पष्ट कीजिए।
8. संधि और समास में मूलभूत क्या अंतर है? प्रत्येक का एक–एक उदाहरण दीजिए।
9. बहुब्रीहि समास अन्य समासों से किन अर्थों में भिन्न है? उदाहरण देकर समझाइए।
10. द्वंद्व और द्विगु समास में प्रमुख अन्तर क्या है? उदाहरण सहित लिखिए।

–––0–––

## 'विलोम'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर पूरी कीजिए–**

(अ) विलोम का शाब्दिक अर्थ है .............। (उल्टा/सीधा)

(ब) 'अज्ञात' का विलोम ............. है। (ज्ञात/विज्ञात)

(स) अनुकूल का विलोम ............. है। (प्रतिकूल/सुकूल)

(द) आकाश का विलोम ............. है। (पाताल/धरती)

(इ) कीर्ति विलोम है ............. का। (सुकीर्ति/अपकीर्ति)

**2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'उपमेय' का विलोम क्या है?

(ब) 'अनुत्तीर्ण' का विलोम बतलाइये।

(स) 'पतन' का विलोम शब्द क्या है?

(द) 'संयोग' का विलोम क्या है?

(इ) अंधकार का विलोम बतलाइये।

**3. स्तम्भ 'अ' से स्तम्भ 'ब' का मिलान कर जोड़ियाँ बनाइये–**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | अनुकूल | विद्वान |
| (ब) | अमृत | प्रतिकूल |
| (स) | मूढ़ | वाचाल |
| (द) | उन्नति | विष |
| (इ) | मूक | अवनति |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये–**

(अ) रात का विलोम रात्रि होता है।

(ब) आरंभ का विलोम अंत होता है।

(स) सपूत का विलोम सुपुत्र होगा।

(द) उपयुक्त का विलोम अनुपयुक्त होगा।

(इ) अमावस्या का विपरीत अंधकार होगा।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(अ) 'अतिवृष्टि' का विलोम है–

(1) अनावृष्टि (2) अनासृष्टि (3) अनादि (4) अनवरत

(ब) 'विपक्ष' का विलोम है–

(1) पक्ष (2) नीति ( 3) विरुद्ध (4) इनमें से कोई नहीं

(स) 'विषाद' का विलोम होगा–

(1) निषाद (2) प्रसाद (3) हर्ष (4) अर्श

(द) 'कृतज्ञ' का विलोम है–

(1) सहनशीलता (2) कृतघ्न (3) कृतिका (4) कृतज्ञता

(इ) 'अपेक्षा' विलोम है–

(1) उत्प्रेक्षा का (2) उपेक्षा का (3) आशा का (4) इच्छा का

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–
   खगोल, गौ–रक्षक, क्रोध, खरीद
2. विलोम किसे कहते हैं? निम्न शब्दों के विलोम लिखिए–
   सम, संकल्प, सुर, सबल, सम्भव, स्वस्थ, सजीव

–––0–––

## 'पर्यायवाची'

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–**

(अ) अमृत का पर्यायवाची ............. है। (पीयूष / गरल)

(ब) 'अरण्य', ............. का पर्यायवाची है। (जंगल / धरती)

(स) आभूषण, ............. का पर्यायवाची है। (अलंकार / रस)

(द) मदन का पर्यायवाची ............. है। (कामदेव / शंकर)

(इ) तालाब का पर्यायवाची ............. है। (ताल / तारक)

**2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'किरण' का पर्यायवाची क्या है?

(ब) 'धनपति' किसका पर्यायवाची है?

(स) 'इन्द्र' का एक पर्यायवाची लिखिए।

(द) 'जमुना' का पर्यायवाची क्या होगा?

(इ) 'शर' किसका पर्यायवाची है?

**3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सहीजोड़ियाँ बनाइए–**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | कमल | सरोद |
| (ब) | पृथ्वी | सरोज |
| (स) | जल | वसुन्धरा |
| (द) | बादल | समीर |
| (इ) | हवा | सलिल |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिए–**

(अ) 'दाँत' का पर्यायवाची 'दन्त' है।

(ब) 'ओष्ठ' का पर्यायवाची 'अधर' है।

(स) 'निकेतन' पर्यायवाची शब्द है, महल का।

(द) 'तलवार' का पर्यायवाची 'असि' है।

(इ) 'व्योम' का पर्यायवाची 'पृथ्वी' है।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(अ) रात्रि का पर्यायवाची नहीं है–

(1) निशा (2) रजनी (3) विभावरी (4) अंबर

(ब) 'मित्र' का पर्यायवाची है–

(1) सहचर (2) भ्राता (3) भाई (4) बन्धु

(स) 'समुद्र' का पर्यायवाची है–

(1) जलधि (2) संसृति (3) सृष्टि (4) सरोज

(द) 'नंदन' पर्यायवाची है–

(1) पुत्र का (2) नदी का (3) नाव का (4) लकड़ी का

(इ) 'प्रकाश' का पर्यायवाची नहीं है–

(1) प्रभा (2) दीप्ति (3) विभा (4) आकाश

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. पुत्री, पुष्प और नदी के दो–दो पर्यायवाची लिखिए।
2. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं? पवन, लक्ष्मी और मुख के दो–दो पर्यायवाची लिखिए।
3. शत्रु, हाथ और हाथी शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
4. धरती, पहाड़ और पति के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
5. गणेश, शंकर, पार्वती, गंगा के दो–दो पर्यायवाची लिखिये।
6. कान, नाक, हाथ, बाल के दो–दो पर्यायवाची लिखिये।
7. चंद्रमा, सूर्य, पृथ्वी, आकाश के दो–दो पर्यायवाची लिखिये।
8. फूल, नदी, किनारा, वन का एक–एक पर्यायवाची शब्द बनाइये।

———0———

## 'भिन्नार्थक शब्द'

### 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर पूरी कीजिए–

(अ) वे शब्द जिनका उच्चारण लगभग एक समान हो, किन्तु अर्थ भिन्न–भिन्न होते हैं .. ............ शब्द कहलाते हैं। (समोच्चारित भिन्नार्थक/अनेकार्थी)

(ब) अंस का शाब्दिक अर्थ होता है ............. (कंधा/भाग)

(स) वायु को ............. भी कहते हैं। (अनल/अनिल)

(द) 'अलि' से तात्पर्य है ............. (भौंरा/सखी)

(इ) 'प्रसाद' का अर्थ ............. है। (महल/देवता को चढ़ाया गया भोग)

### 2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए–

(अ) पुरुष से क्या अभिप्राय है?

(ब) हरणि किसे कहा गया है?

(स) 'जलज' से क्या तात्पर्य है?

(द) कली किसे कहा गया है?

(इ) क्षति और क्षिति का अर्थ लिखिये।

### 3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | चरम | क्षत्रिय |
| (ब) | चर्म | विद्यार्थी |
| (स) | छात्र | चाल |
| (द) | क्षात्र | त्वचा |
| (इ) | गति | अंतिम |

### 4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिए–

(अ) 'निर्वाण' का अर्थ मुक्ति है।

(ब) प्रणाम से तात्पर्य नमस्कार से है।

(स) नगर का अर्थ शहर है।

(द) नाग, 'सपेरा' को कहते हैं।

(इ) पालतू से तात्पर्य जानवर से है।

### 5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) प्रवाह का अर्थ है–

(1) बहाव (2) ठहराव (3) असर (4) रुकना

(ब) 'अंश' का अर्थ है–

(1) कंधा (2) भाग (3) ओस (4) आग

(स) 'कुबेर का कोष खाली हो गया' इसमें कोष का अर्थ है–

(1) खजाना (2) दूरी का माप (3) धन (4) सम्पत्ति

(द) हनुमान, भगवान श्रीराम के दूत थे। 'दूत' से तात्पर्य है–

(1) संदेश पहुँचाने वाला (2) सहायक

(3) भक्त (4) दास

(इ) तरणि, तनुजा, तट, तमाल, तरुवर बहु छाए में 'तरणि' का अर्थ है–

(1) सूर्य (2) नदी (3) नाव (4) यमुना

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. समानार्थक शब्द किसे कहते हैं? इन समानार्थक शब्दों के वाक्य बनाइये–
   शुक्ल–शुल्क, संकर–शेकर, सुत–सूत
2. निम्नलिखित समानार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए–
   सकल–शकल, गृह–ग्रह, अप्रेक्षा–उप्रेक्षा, उद्योत–उद्योग
3. कोष–कोश का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।
4. नीर–नीड़, पानी–पाणि, वात–बात, कूल–कुल उपर्युक्त शब्दों के अर्थ लिखिये तथा वाक्य निर्मित कीजिये।

———0———

# ‘अनेकार्थी शब्द’

## 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प का चयन कर कीजिए–

(अ) एक से अधिक अर्थ प्रदान करने वाले शब्दों को ............. शब्द कहते हैं। (अनेकार्थी / समानार्थी)

(ब) अंक से तात्पर्य है .............। (अक्षर / गोद)

(स) अक्षर का अर्थ है .............। (ब्रह्म / शिव)

(द) शेषनाग ............. को कहते हैं। (अनंत / विष्णु)

(इ) अंबर का अर्थ है .............। (आकाश / धरती)

## 2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए–

(अ) ‘अरुण यह मधुमय देश हमारा में’ यहाँ अरुण का अर्थ क्या है?

(ब) ‘अतिथि देवोः भव’ में ‘अतिथि’ शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(स) ‘जीवन में सभी को अर्थ की आवश्यकता होती है।’ यहाँ ‘अर्थ’ का क्या तात्पर्य है?

(द) ‘अपवाद’ से क्या आशय है?

(इ) अंक शब्द का अर्थ लिखें।

## 3. स्तम्भ ‘क’ का स्तम्भ ‘ख’ से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–

| | ‘क’ | ‘ख’ |
|---|---|---|
| (अ) | क्रिया | समूह |
| (ब) | खल | कार्य |
| (स) | गण | पक्षी |
| (द) | खग | बाल |
| (इ) | केश | दुष्ट |

## 4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिए–

(अ) ईश्वर का अर्थ ‘प्रभु’ है।

(ब) ‘इंदु’ का अर्थ है पुत्री

(स) ‘गुरु’ बृहस्पति को कहा जाता है।

(द) ‘कुंभ’ का अर्थ है कुंभकरण।

(इ) चन्द्रमा का सोलहवाँ भाग कला कहलाता है।

## 5. निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) गाय, चारा चरती है, में चारा का अर्थ है–

(1) घास (2) भूसा (3) खली (4) उपर्युक्त सभी

(ब) 'कर्ण' पुत्र था–

(1) कुंती का (2) गांधारी का (3) दासी का (4) सत्यवती का

(स) 'कृष्णा' पुकारा जाता है–

(1) वासुदेव को (2) शंकर को (3) नारद को (4) ब्रह्म को

(द) 'क्षमा बड़न को चाहिए' का शाब्दिक आशय है–

(1) सहिष्णुता (2) श्रद्धा (3) लाभ (4) संपत्ति

(इ) 'खग समझे, खग ही की भाषा' में 'खग' शब्द का तात्पर्य है–

(1) पक्षी (2) समूह (3) चाल (4) गति

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. अनेकार्थी शब्द किसे कहते हैं? अक्षर, अक्ष, अनंत शब्दों के अर्थ लिखिए।
2. निम्न शब्दों के अनेकार्थ लिखिये– आम, इंदु, कनक, कल, कला।
3. 'ग' अक्षर से शुरू हुए निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थ लिखिये–गण, गति, गुरु, गुण।
4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिये–

   पक्ष, धात्री, पय, पत्र।
5. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्येक के तीन–तीन अर्थ लिखिये–कनक, चपला, ताल, नाक।

———0———

# वाक्यांश के लिये एक शब्द

## 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए।

(अ) कई बार वाक्य में व्यक्त किये जानें वाले भाव को —————— में समेटा जा सकता है। (एक अक्षर / एक शब्द)

(ब) अंड़े से जन्म लेने वाला ———— कहलाता है। (अंडज / अंडूरी)

(स) जिसे गिना ना जा सके उसे ——————— कहते है। (अगुणित / अगणित)

(द) पर्वत का ऊपरी भाग ——— कहलाता हैं (अधित्यका / गिरिपताका)

(इ) जिसका जन्म बाद में हुआ हो वह ——— कहलाता है। (अनुज / अग्रज)

## 2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए–

(अ) विज्ञान विषय को भली भांति जानने वाला व्यक्ति क्या कहलाता है?

(ब) दूसरे देश का रहने वाला व्यक्ति क्या कहलाता है?

(स) जिसकी कभी मृत्यु न हो, उसे क्या कहते हैं?

(द) किसी प्रकार की कला की रचना करने वाले व्यक्ति क्या कहलाता है?

(इ) अभिमान करने वाले को क्या कहते हैं?

## 3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) दोपहर के बाद का समय | उपत्यका |
| (ब) दोपहर के पहले का समय | अजन्मा |
| (स) पर्वत का निचला भाग | पूर्वाह्न |
| (द) पर्वत का ऊपरी भाग | अपराह्न |
| (इ) जिसका जन्म नहीं हुआ हो | अधित्यका |

## 4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिये–

(अ) प्रेरणा देने वाली बात प्रेरक कहलाती है।

(ब) मनुष्यरहित स्थान को निर्जन कहते हैं।

(स) अभिमान करने वाला निराभिमानी कहलाता है।

(द) दूर की बात सोचने वाला पारदर्शी कहलाता है।

(इ) जिसकी कभी मृत्यु न हो अमर कहलाता है।

## 5. निम्न प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) जिस पर विश्वास न किया जा सके, वह है–

(1) अविश्वसनीय (2) विश्वसनीय (3) अवैतनिक (4) वैतनिक

(ब) जिसका कोई शत्रु न हो–

(1) अशत्रु (2) निराशत्रु (3) सशत्रु (4) अजातशत्रु

(स) जिसे चिंता न हो–

(1) अनिश्चित (2) अनियमितता (3) नियमितता (4) निश्चिंत

(द) कविता की रचना करने वाला–

(1) कलाकार (2) कवि (3) लेखक (4) लेखिका

(इ) जहाँ चार रास्ते मिलते हों–

(1) चौराहा (2) दोराहा (3) तिराहा (4) मोड़

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. वाक्यांश किसे कहते हैं? निम्न वाक्यांश के लिये एक शब्द लिखिये–
   (अ) जिसे खाया जा सके–
   (ब) जिसकी सीमा न हो–
   (स) किये हुए उपकार को मानने वाला–
2. नीचे लिखे वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द लिखिए–
   (अ) जिसका अंत न हो–
   (ब) दूर की सोचने वाला–
   (स) जिसका सिर झुका हो–
   (द) जिसमें धीरज न हो–
3. निम्नलिखित शब्दों को वाक्यांश में परिवर्तित कीजिए–
   आस्तिक, वैज्ञानिक, विधवा, परोपकारी, वाचाल, एकाकी, सर्वज्ञ, दूरदर्शी
4. निम्न वाक्यांश के लिये उचित शब्द लिखिए–
   (अ) जो गुणों से युक्त हो–
   (ब) जिसे अक्षरों का ज्ञान हो–
   (स) जिसने अपना ऋण चुका लिया हो–
   (द) जो कम खर्च करता हो–
   (इ) बाप–दादा से मिलने वाला धन–

–––0–––

## 'वाक्य के प्रकार'

### 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए।

(अ) कप्तान ने डूबते हुए जहाज को बचा लिया। ये ............... वाक्य है।(साधारण / संयुक्त)

(ब) राम! पुस्तक पढ़ो। ये ............... वाक्य है। (आदेशात्मक / निषेधात्मक)

(स) क्या पानी में कचरा पड़ा हुआ है? ये ............... वाक्य है। (आदेशात्मक / प्रश्नवाचक)

(द) हे भगवान! ये क्या हो गया? ये ............... वाक्य है। (साधारण / विस्मयादिबोधक)

(इ) हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए। यह ............... वाक्य है। (निषेधवाचक / आज्ञावाचक)

### 2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए–

(अ) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। यह किस प्रकार का वाक्य है?

(ब) आज्ञावाचक वाक्य किसे कहते हैं?

(स) जिस वाक्य में कार्य के होने में संदेह हो उसे क्या कहते हैं?

(द) बेटा! जुग–जुग जिओ कौन से प्रकार का वाक्य है?

(इ) जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य हो उसे क्या कहेंगे?

### 3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) शायद! मैं देर से लौटूँ | आज्ञावाचक |
| (ब) क्या तुम दिल्ली जाओगे? | विस्मयादि बोधक |
| (स) ओह! तुम आ गए। | संदेहवाचक |
| (द) तुम स्कूल जाओ। | विधिवाचक |
| (इ) यह शाम कितनी सुहावनी है | प्रश्नवाचक |

### 4. निम्न कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिए–

(अ) विस्मयादिबोधक वाक्य में प्रश्न किये जाते हैं।

(ब) जिस वाक्य में किसी कार्य के निषेध का बोध होता है उसे निषेधवाचक वाक्य कहते हैं।

(स) जिस वाक्यों में प्रश्न का उत्तर दिया जाये उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

(द) संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य किसी समुच्चय बोधक अवयव शब्द से जुड़े होते हैं।

(इ) इच्छावाचक वाक्य में आदेश दिया जाता है।

### 5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) 'गुरुजन का सम्मान करो' वाक्य है–

(1) सरल वाक्य (2) विधिवाचक (3) आज्ञावाचक (4) निषेधवाचक

(ब) जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण या मिश्रित वाक्य जुड़े हुए हों, उस कहते हैं–

(1) सरल वाक्य (2) संयुक्त वाक्य (3) मिश्रित वाक्य (4) इच्छावाचक वाक्य

(स) जिस वाक्य से आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि भाव व्यक्त हों, उसे कहते हैं–

(1) इच्छावाचक (2) निषेधवाचक (3) संकेतवाचक (4) विस्मयादिवाचक

(द) 'परिश्रम, लगन और एकाग्रता से पढ़ने का उद्देश्य है कि प्रथम श्रेणी आए।' वाक्य है–

(1) मिश्रित (2) सरल (3) संयुक्त (4) निषेधवाचक

(इ) जिस वाक्य में संकेत प्रकट हो उसे कहते हैं–

(1) संकेतवाचक (2) प्रश्नवाचक (3) विस्मयादिबोधक (4) इच्छावाचक

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. रचना के अनुसार वाक्य के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखकर दो–दो उदाहरण दीजिए।
2. मिश्रित वाक्य तथा संयुक्त वाक्य के मध्य प्रमुख अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
3. अर्थ के अनुसार वाक्य के कितने प्रकार हैं? प्रत्येक के दो–दो उदाहरण दीजिए।
4. नीचे लिखे वाक्यों को निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तित कीजिए–
   (अ) क्या तुम कल वहाँ गीता पढ़ रहे थे? (निषेधवाचक)
   (ब) उसने पत्र लिख दिया। (प्रश्नवाचक)
   (स) तुम अवश्य सफल हो जाओगे। (आज्ञावाचक)
   (द) तुमने कौन सा कमाल कर दिया? (विस्मयादिबोधक)
5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तित कीजिए–
   (अ) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहता है। (संयुक्त वाक्य)
   (ब) तुम बाहर गए और वह सो गया। (साधारण वाक्य)
   (स) विद्यार्थी परिश्रम करता है तो अवश्य सफल होता है। (मिश्रित वाक्य)
   (द) मैंने स्टेशन से टिकट खरीदा और घर लौट आया। (सरल वाक्य)
6. अर्थ के अनुसार वाक्य के प्रमुख प्रकार कौन–कौन से हैं? प्रत्येक प्रकार का एक–एक वाक्य बनाइये।
7. आज्ञावाचक, संकेतवाचक और प्रश्नवाचक वाक्यों को एक–एक उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।
8. 'छोटू स्कूल जा रहा है।' इस वाक्य को वाक्य के सभी प्रमुख प्रकारों में परिवर्तित करके लिखिये।

–––0–––

## 'भाव पल्लवन'

अंग्रेजी में इसे 'एम्प्लीफिकेशन' कहा जाता है। हिन्दी में इसके अनेक नाम हैं जैसे–भाव पल्लवन, विचार–विस्तार आदि। किसी भी सूक्ति को समझाने के लिए उसका विस्तारपूर्वक वर्णन किया जाता है। सूक्ति सभी लोगों के लिए हृदयंगम नहीं हो सकती है। अतः इसे जन साधारण के लिए भी सुगम बनाने के लिए इसे स्पष्ट करना अनिवार्य होता है। नीचे कुछ प्रमुख सूक्तियाँ आपके अभ्यासार्थ दी जा रही हैं।

## निम्नलिखित सूक्तियों का भाव विस्तार कीजिए–

1. "जीवन एक फूल है और प्रेम उसकी सुगंध।"
2. "अपने को खोकर ही अपने को पाया जा सकता है।"
3. "बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।"
4. "महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में बंद रहता है।"
5. "यदि प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण।"
6. "दुःख ही भगवान का अमृत है।"
7. "धर्म इतना निर्मल है कि वह पार्श्व बल के द्वारा सुरक्षित होगा।"
8. "ऐसा जीवन तो विडम्बना है, जिसके लिए दिन–रात लड़ना पड़े।"
9. "समष्टि में भी व्यष्टि रहती है। व्यक्तियों से ही जाति बनती है।"
10. "उपनिषदों के नेति–नेति से ही गौतम का अनात्मवाद पूर्ण है।"
11. "सत्य का प्रकाश जब शब्द के अभाव में नहीं हो रहा है तब सम्भव है तथ्यों के विचार में हो।"
12. "देवी–देव की प्रणय–यामिनी के बाद ही सूर्य निकला था।"
13. "प्रकृति के यौवन का शृंगार, करेंगे कभी न बासी फूल।"
14. "विपत्ति कसौटी जे कसे सोही साँचे मीत"
15. "जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू,<br>सो तेहि मिलहिं न कछु सन्देहु।"
16. "मानव जीवन एक पहेली है, और उससे भी अधिक अनबूझ वस्तु है विधि का विधान।"
18. "वीर की प्रथम प्रेयसी मृत्यु है। उससे डरने वाले मूर्ख होते हैं।"
19. "यदि प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण।"
20. "यदि फूल नहीं बो सकते तो कम से कम काँटे तो मत बोओ।"
21. "वही मनुष्य है जो कि मनुष्य के लिए मरे।"
22. "दुःख सबको माँजता है।"
23. "परहित सरिस धर्म नहीं भाई"

25. "आधी छोड़ सारी को धाए, आधी मिले न पूरी पाए।"
26. "होनहार बिरवान के होत चीकने पात"
27. "घोड़ा घास से यारी करे तो खाये क्या?"
28. "का वर्षा जब कृषि सुखाने"
29. "गधा खेत खाए, जुलाहा पीटा जाए"
30. "जहाँ सुमति तहाँ सम्पति नाना"
31. "मन के हारे हार है मन के जीते जीत"
32. "दूर के ढोल सुहावने होते हैं"
33. "आवश्यकता आविष्कार की जननी है"
34. "यदि प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण"
35. "तमसो मा ज्योतिर्गमय"
36. "पराधीन सपनेहुँ सुख नाही"
37. "चिराग तले अंधेरा"
38. "चार दिन की चाँदनी फिर अंधियारी रात"
39. "गरजे सो बरसे नहीं"
40. "गंगा गए गंगादास जमना गए जमनादास"
41. "चोर की दाढ़ी में तिनका"
43. "कोयले की दलाली में काले हाथ"
44. "एक अनार सौ बीमार"
45. "आप काज महाकाज"
46. "अपनी करनी पार उतरनी"
47. "काम परे कछु ओर है काम सरे कुछ ओर"
48. "क्या जाने ऊँट किस करवट बैठे"
49. "ऊसर में मूसर"
50. "एक म्यान में दो तलवार"

———0———

# मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए–**

(अ) लोकोक्ति का शब्दिक अर्थ है ...................। (लोक–उक्ति / लोक सूक्ति)

(ब) आप काज ..................। (महाकाज / मलकाज)

(स) अंधों में काना ....................। (राजा / खाजा)

(द) अक्ल बड़ी या ..................। (भैंस / गाय)

(इ) ................. को नहीं दोष गुसाईं। (समरथ / धनवान)

**2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए–**

(अ) 'लोकोक्ति' किसे कहते हैं?

(ब) 'मुहावरा' से क्या तात्पर्य है?

(स) अपने में स्वतंत्र अर्थ रखने वाली उक्ति को क्या कहते हैं?

(द) "गुण के गाहक सहस नर" से क्या आशय है?

(इ) 'आँखें बिछाना' से क्या तात्पर्य है?

**3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–**

| | 'क' | 'ख' |
|---|---|---|
| (अ) | ऊसर में मूसर | बहुत दिन बाद दिखाई देना |
| (ब) | बिन सत्संग विवेक न होई | बहुत प्यारा |
| (स) | आँख का तारा | व्यर्थ ही बीच में पड़ना |
| (द) | अक्ल पर पत्थर पड़ना | सत्संग बिना ज्ञान वृद्धि नहीं होती |
| (इ) | ईद का चाँद होना | कुछ न समझ में आना |

**4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिए–**

(अ) मुहावरे का अर्थ होता है 'मुँह पर चढ़ा हुआ वाक्यांश या कथन।'

(ब) लोकोक्ति का कोई स्वतंत्र अर्थ नहीं होता है।

(स) आग लगने पर कुआँ खोदने से तात्पर्य है आग लगने पर ही घर में कुआँ खोदना चाहिए।

(द) मुहावरे में वाक्य के अनुसार परिवर्तन होता है।

(इ) 'एक अनार सौ बीमार' मुहावरे का अर्थ है वस्तु कम और प्रयोगकर्ता अधिक।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(अ) 'कमर कसना' से तात्पर्य है–

(1) तैयार हो जाना (2) कमर कस लेना

(3) मरने के लिए तैयार हो जाना (4) मरते–मरते बच जाना

(ब) 'उड़ती चिड़िया पहचान लेना' का आशय है—

(1) आकाश में चिड़िया देखना (2) मनोगत भावों को जान लेना

(3) चिड़िया का रंग देखना (4) चिड़िया उड़ाना

(स) 'कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा' इसका अर्थ है—

(1) ईंट और पत्थर एकत्रित करना

(2) इधर—उधर से छोटी—छोटी वस्तुओं की व्यवस्था करके काम चलाना

(3) ईंट से रुकावट पैदा करना (4) ईंट से ईंट बजाना

(द) 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' से तात्पर्य है—

(1) अकेला चना कुछ नहीं कर सकता।

(2) अकेला व्यक्ति कोई दुष्कर कार्य नहीं कर सकता।

(3) चना, भाड़ से कठोर नहीं है।

(4) भाड़ को झाड़ से फोड़ सकते।

(इ) 'काला अक्षर भैंस बराबर' का अर्थ है—

(1) अनपढ़ (2) निरामूर्ख

(3) भैंस के समान (4) काली भैंस ही काला अक्षर है।

## लघुउत्तरीय प्रश्न—

1. लोकोक्ति और मुहावरे में क्या अन्तर है? उदाहरण देकर समझाइए।
2. निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(अ) जल में रहकर मगर से बैर करना।

(ब) जिसकी लाठी उसकी भैंस।

(स) ताली एक हाथ से नहीं बजती।

(द) छोटा मुँह बड़ी बात।

3. निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूर्ण कीजिए—

(अ) घर का भेदी ....................

(ब) नाच न आवे ....................

(स) मुँह में राम बगल ..................

(द) आँखों का अंधा ....................

4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट कर वाक्य में प्रयोग कीजिए—

(अ) काया पलट होना। (ब) ईद का चाँद होना।

(स) अंगारों पर पैर रखना। (द) अंगूठा दिखाना

5. निम्नलिखित मुहावरों का पूर्ण कीजिए–
   (अ) आकाश के ................
   (ब) नौ दो ................
   (स) आटे दाल का .............
   (द) अपने पाँव ...............
6. 'आँख' शब्द का प्रयोग करते हुए चार मुहावरे बनाइए।
7. रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए–
   (अ) अनिल अपना परीक्षाफल देखकर ................... समाया।
   (ब) अध्यापक को देखते ही नकल करने वाले छात्रों के .................. गए।
   (स) चोर, सिपाही को देखकर .............. हो गया।
   (द) हमें अपने माता–पिता के काम में ............. चाहिए।
   (इ) घायल बच्चों को देखकर माँ ............. लगी।
8. नीचे लिखे अर्थों को बताने वाली लोकोक्तियाँ/कहावतें लिखिए–
   (अ) जो भविष्य अच्छा या महान बनेगा उसके लक्षण बचपन में ही दिख जाते हैं।
   (ब) जबरदस्ती गले पड़ना।
   (स) काम न करने वाला बहुत बकवास करे।
   (द) दोषी या पापी स्वयं डर जाता है और उसकी चेष्टा से उसका दोष प्रकट हो जाता है।
   (ई) जैसा काम करोगे, वैसा फल मिलेगा।
9. निम्नलिखित मुहावरों के केवल अर्थ लिखिये–

   लोहा लेना, चक्की पीसना, आग–बबूला होना, अंधे की लाठी, अंगूठा दिखाना, मुँह लगाना, मिट्टी में मिलना, रोंआं–रोंआं फड़कना
10. 'हाथ और मुँह' इन दोनों शब्दों से शुरु होने वाले दो–दो मुहावरे लिखिये और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

———0———

# वाक्य अशुद्धियाँ

## 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए–

(अ) भाषा अस्वाभाविकता से ............. न हो। (दूषित/शुद्ध)

(ब) शुद्ध लेखन में .............. और उपयुक्त शब्दावली का उपयोग होता है। (निरर्थक/सार्थक)

(स) हमें प्रत्येक शब्द की .................... को समझना चाहिए। (परमात्मा/आत्मा)

(द) वर्तनी, व्याकरण के नियमों के अनुकूल न होने पर वाक्य .......... हो जाता है। (अशुद्ध/शुद्ध)

(इ) कर्ता–क्रिया और कर्म को ................. स्थान पर रखना अत्यंत आवश्यक है।

## 2. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए–

(अ) शुद्ध लेखन क्या है?

(ब) शुद्ध वाक्य बनाने के लिये भाषा पर क्या होना आवश्यक है।

(स) भावों की अभिव्यक्ति कितने प्रकार से होती है?

(द) एक ही वाक्य में एक शब्द का एक से अधिक बार प्रयोग अथवा पर्यायवाची शब्द का प्रयोग किस प्रकार का दोष कहलाता है।

(इ) मिश्र वाक्य में प्रधान वाक्य तथा अन्य उपवाक्यों को किस क्रम में न रखने से वाक्य अशुद्ध हो जाता है?

## 3. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइए–

| | 'क' (अशुद्ध वाक्य) | 'ख' (अशुद्धि का प्रकार) |
|---|---|---|
| (अ) | गाय काली चर रही है | सर्वनाम संबंधी अशुद्धि |
| (ब) | अपन जल्दी चलें | विशेषण संबंधी अशुद्धि |
| (स) | उन्होंने हाथ जोड़ा | संज्ञा संबंधी अशुद्धि |
| (द) | हमारे माताजी बाजार गए हैं | वचन संबंधी अशुद्धि |
| (इ) | बेफिजूल बातें मत करो | लिंग संबंधी अशुद्धि |

## 4. निम्नलिखित कथनों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिए–

(अ) 'जीवन और साहित्य का घोर संबंध है।' ये शुद्ध वाक्य है।

(ब) 'धर्म का पालन करो'। ये वाक्य अशुद्ध है।

(स) 'मैं बाजार को जा रहा हूँ'। इस वाक्य में कारकीय परसर्गों की अशुद्धि है।

(द) 'जूता निकाल दो'। इसमें सर्वनाम संबंधी अशुद्धि है।

(इ) अशुद्ध मुहावरा लिखने से वाक्य अशुद्ध नहीं होता।

## 5. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) वह बड़ा चालाक है। यह वाक्य है–

(1) अशुद्ध (2) शुद्ध (3) मिश्रित (4) संयुक्त

(ब) उसके तो सारे इरादों पर पानी बह गया। इस वाक्य में अशुद्धि है–

(1) मुहावरे संबंधी (2) क्रिया संबंधी (3) विशेषण संबंधी (4) सर्वनाम संबंधी

(स) निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है–

(1) कर्म, क्रिया, कर्ता (2) कर्ता, क्रिया, कर्म

(3) क्रिया, कर्ता, कर्म (4) इनमें से कोई नहीं

(द) अशुद्ध भाषा के माध्यम से भावों का अर्थ–

(1) स्पष्ट हो पाता है (2) स्पष्ट नहीं हो पाता

(3) कभी स्पष्ट होता है (4) कभी अस्पष्ट होता है

(इ) प्रभावी भाषा होती है–

(1) अशुद्ध (2) अशक्त (3) निराकर्षक (4) परिमार्जित

## लघुउत्तरीय प्रश्न–

1. प्रभावी वाक्य की क्या विशेषताएँ हैं?
2. भाषा को परिमार्जित और आकर्षक बनाने के लिये क्या करना आवश्यक है?
3. वाक्यों में प्रमुख रूप से कितने प्रकार के दोष होते हैं? प्रत्येक प्रकार का एक–एक उदाहरण दीजिए।
4. भावों को लिपिबद्ध करने की शर्त क्या है?
5. निम्नलिखित वाक्यों में किस प्रकार की अशुद्धि है? वाक्य को शुद्ध भी कीजिए।

(अ) सच में क्या तुम्हें प्रथम स्थान मिला है।

(ब) मेघ पानी बरसाते हैं।

(स) गुलाम अली खाँ गाने की कसरत कर रहे हैं।

(द) उसका संतान अच्छा है।

(इ) इनने आपका घर देखा है।

———0———

# अपठित बोध

## अपठित पद्यांश

**प्र.1 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए— (5 अंक)**

हर, क्या है,
सब माया है—माया है,
मुक्त हो सदा ही तुम,
बाधा विहीन बन्ध छन्द ज्यों
डूबे आनंद में सच्चिदानंद—रूप
ब्रह्मा हो तुम

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवि किससे संबंध जोड़ना चाहता है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.2 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

हरि जननी मैं बालक तेरा
काटे न अवगुण बकसहु मेरा।
सुत अपराध करे दिन केते,
जननी के चित्त रहैं न ते ते।
करि गहि केस करै जो घाता,
तऊ न हेत उतारे माता।
कहे कबीर एक बुधि विचारी,
बालक दुखी—दुखी महतारी!

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवि ने स्वयं को क्या बताया है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव क्या है?

**प्र.3 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

मैं नीर भरी दुःख की बदली।
विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,

परिचय इतना, इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवियित्री स्वयं को क्या बता रही है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव क्या है?

**प्र.4 निम्नांकित पद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

ले चल वहाँ झलावा देकर
मेरे नाविक! धीरे–धीरे!
जिस निर्जन में सागर लहरी
अम्बर के कानों में गहरी
निश्छल प्रेम–कथा कहती हो
तज कोलाहल की अवनि रे!

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवि कहाँ जाना चाहता है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव क्या है?

**प्र.5 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

कवि कुछ ऐसी सुनाओ, जिससे उथल–पुथल मच जाये,
एक लहर इधर से आये, एक लहर उधर से आये।
एक ओर कायरता काँपे, मानानुगति विगलित हो जाये,
अंध मूढ़ विचारों की, वह अचल शिखा विचलित हो जाये।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवि से कौनसी लय सुनाने के लिए कहा जा रहा है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.6 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

हममें न कुछ सामर्थ्य है, यह मान लेना भूल है,
नर के लिये यह भावना, दुर्भाग्य–दुर्गति–मूल है।
सबको विधाता ने बनाया, शक्तिमान समर्थ है,
जो नर निपट निश्चेष्ट है, केवल वही असमर्थ है।
संसार में ऐसी न कोइ वस्तु दुर्लभ है कहीं,
उद्योग करके भी जिसे हम प्राप्त कर सकते नहीं।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. हमारी हीनता का कारण क्या है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.7 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

तेरे प्यारे बच्चे हम सब,
बंधन में बहु बार पड़े,
किन्तु मुक्ति के लिए यहाँ हम,
कहाँ न जूझे, कब न लड़े?
मरण शान्ति का दाता है
तो जीवन शान्ति क्रान्ति–विधाता,
जय–जय भारत माता।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. कवि ने देशवासियों के विषय में क्या कहा है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.8 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊँ।
चाह नहीं प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ।
चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि! डाला जाऊँ।
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ।।
मुझे तोड़ लेना ओ वनमाली, जिस पथ पर देना फेंक।
मातृ–भूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक।।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. इन पंक्तियों के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.9 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

चेतक वाले महाराणा ने, मरना तुमको सिखलाया।
वीर शिवा ने लोहा लेकर, जीवन का पथ दिखलाया।।
पौरूष की प्रतिमा कहलाती, रानी लक्ष्मीबाई है।
दयानंद ने स्वाभिमान की गरिमा तुम्हें लुटाई है।।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. चेतक कौन था?
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

**प्र.10 निम्नांकित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर–नाच रही तरु शिखा मनोहर
छिटका जीवन–हरियाली पर मंगल कुंकम–सारा
अरुण यह मधुमय देश हमारा।

1. उपर्युक्त पद का शीर्षक लिखिए।
2. मंगल कुंकम–सारा का अभिप्राय लिखिये।
3. उपर्युक्त पद का केन्द्रीय भाव लिखिए।

# अपठित गद्यांश

## निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये।

1. मानव जीवन में उत्तरदायित्व का विशेष स्थान है। अवगुणों को दूर करने के लिये एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये उत्तरदायित्व का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उत्तरदायित्व आ जाने पर मनुष्य बुद्धिमान हो जाता है। उदाहरण के लिये बुरी आदतों वाले लोग शिक्षक जैसे पद को प्राप्त कर अपनी बुरी आदतों को छोड़ देते हैं। इसी प्रकार उद्दण्ड नवयुवक भी गृहस्थी का भार आ जाने पर विचारशील बन जाते हैं।

   प्र.1 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

   प्र.2 जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये क्या आवश्यक है?

   प्र.3 उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

2. यह सत्य है कि आजादी मिलने के बाद हम उस राह को भूलते जा रहे हैं जो हमें आजादी के लिये अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले वीरों ने दिखाई थी। यह कितने दुःख की बात है हमारे लिये, ऐसा क्यों हो रहा है? आज के नवयुवकों को किसी फिल्मी नायक–नायिकाओं के नाम तो याद होंगे मगर उन क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में उनका ज्ञान शून्य है जिन्होंने देश की आजादी के लिये अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। यह दोष हमारे समाज और सरकार का है, जो इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

   प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

   प्र.2 आज के युवकों को किन के बारे में जानकारी नहीं है?

   प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

3. हमारा देश भारत सैकड़ों वर्षों तक मुगलों व अंग्रेजों के अधीन रहा। उन्होंने हमारे देश का भरसक शोषण किया। ऐसे ही समय पर भारत के युवकों में एक लहर उठी, आजादी की लहर। उसी लहर में हजारों क्रांतिकारियों का जन्म हुआ जिनके बलिदान से हमारा देश विदेशियों के पंजे से मुक्त हो सका। उन्हीं शहीदों का बलिदान हमारी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सका। हमें ऐसे शहीदों को बार–बार नमन करना चाहिए।

   प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

   प्र.2 देश, विदेशियों के पंजे से कैसे मुक्त हुआ?

   प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

4. मनुष्य के कर्त्तव्य मार्ग में एक ओर तो आत्मा के भले और बुरे कर्मों का ज्ञान दूसरी ओर आलस्य और स्वार्थपरता रहती है। बस, मनुष्य इन्हीं दोनों के बीच में पड़ा रहता है और अंत में यदि उसका मन पक्का हुआ तो वह आत्मा की आज्ञा मानकर अपने कर्म का पालन करता और यदि उसका मन कुछ काल तक दुविधा में पड़ा रहा तो स्वार्थता निश्चय उसे

आ घेरेगी और उसका चरित्र घृणा योग्य हो जायेगा।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 चरित्र घृणा योग्य कब हो जाता है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

5. हमें स्वराज्य तो मिल गया है परन्तु स्वराज्य अभी भी हमारे लिये एक सुखद स्वप्न ही है। इसका प्रधान कारण यह है कि देश को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से परिश्रम करना हमने अब तक नहीं सीखा। श्रम का महत्व और मूल्य हम जानते ही नहीं। हाथों से काम करने को हम हीन लक्षण समझते हैं। हम कम से कम काम द्वारा जीविका चाहते हैं। हम यही सोचते हैं कि किस तरह काम से बचा जाए। ये दूषित मनोवृत्ति राष्ट्र की आत्मा में आ बैठी है और वहाँ से हटती नहीं। यदि हम इससे मुक्त नहीं होते और आज समाज से हम जितना पा रहे हैं या लेना चाहते हैं उससे कई गुना उसे अपने कठोर श्रम से नहीं देते तो देश आगे नहीं बढ़ सकता और स्वराज्य में नहीं परिणित हो सकता।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 सच्चा स्वराज्य क्या है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

6. मनुष्य के लिये प्रतिभा नहीं, उद्देश्य आवश्यक है। विश्वास जानिए, आँख मींचकर फेंका हुआ तीर अपना लक्ष्य नहीं बेध सकता। भला आप उस व्यक्ति के बारे में क्या सोचेंगे जो गाड़ी में सवार होने के लिये स्टेशन पर पहुँचा हुआ है, पर जिसे यह नहीं मालूम कि उसे जाना कहाँ है? हम सब भी विश्व के रंगमंच पर आये हुए हैं। जीवन की नौका को संसार में खेने से पूर्व हमें जान लेना चाहिए कि हमें जाना कहाँ है? अतः हम अपनी इन बंद आँखों को खोल लें, उद्देश्य बनायें और चल पड़ें। जिस नाविक ने लक्ष्य स्थिर नहीं किया उसके अनुकूल हवा कभी नहीं चलेगी। तुम शव नहीं हो कि संसार—सागर की लहरें जिस किनारे चाहें तुम्हें पटक दें। भाग्य के नाम पर तुमको प्रवाह में बहना नहीं है अपितु प्रवाह का रुख बदलना है।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 जीवन में किसी उद्देश्य का होना क्यों आवश्यक है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

7. बीसवीं शताब्दी में समाचार—पत्र जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। पढ़—लिखे और प्रबुद्ध वर्ग को एक बार भले ही भोजन न मिले, पर समाचार—पत्र चाहिए ही। समाचार—पत्र जनता का मानसिक भोजन है। हम वर्तमान युग में समाचार—पत्र विहीन जीवन की कल्पना की कल्पना भी नहीं कर सकते। यदि एक दिन भी देश में समाचार—पत्र न छपे तो देश के जीवन में शून्यता भर जायेगी।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 समाचार–पत्र का क्या महत्व है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

8. कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्‌वृत्ति का ही नाश नहीं करता बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगत यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैर में बंधी चक्की के समान होगी जो उसे दिन–दिन अवनति के गड्‌ढे में उतारती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो उसे निरंतर उन्नति की ओर उठाती जायेगी।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 सत्संगति से क्या लाभ है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

9. 'भाग्यवाद' मनुष्य को अर्कमण्य बनाता है। इसके सहारे मनुष्य दूसरे के अधिकारों का हनन करता है। लोग भाग्यवाद का सहारा लेकर चलते हैं कि हमारे भाग्य में सुख लिखा है, उसे हम उठा रहे हैं। तुम्हारे भाग्य मे दुख है, तुम उठाओ। इस तरह मनुष्य, मनुष्य का शोषण करने पर तुला हुआ।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 भाग्यवाद क्या है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

10. आज का विद्यार्थी–जीवन अनेक समस्याओं का जाल बन गया है। आज के विद्यार्थी में उस लगन, एकाग्रता, संयम, स्वावलंबन और अनुशासन का अभाव है जो गुरुकुल के विद्यार्थियों में था। उनमें जिज्ञासा नहीं रही। वर्तमान छात्र समुदाय अपनी शक्ति का उपयोग अध ययनकार्य में नहीं बल्कि असंतोष प्रकट करने में कर रहा है। वह भूल जाता है कि राष्ट्र की सम्पत्ति उसकी है। वह क्यों नहीं सोचता कि वह भी भारत का भावी नागरिक, नियंता और निर्माता है।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.2 विद्यार्थी को भावी नागरिक क्यों कहा गया है?

प्र.3 गद्यांश का सारांश लिखिए।

# पत्र–लेखन

अपने मन की बात कहना एक कला है। पत्र के माध्यम से हम अपनी बात कहते है। पत्र–लेखन एक कला है। हृदयग्राही ढंग पर पत्र को लिखा जाना अत्यंत आवश्यक है। पत्र–लेखन आज जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। समाचार भेजने का यह अति उत्तम साधन है। पत्र मनोभावों को व्यक्त करने का मनोवैज्ञानिक उपाय है।

पत्र में जितनी स्वाभाविकता व स्पष्टता होगी वह पत्र उतना ही प्रभावशाली होगा। पत्र–लेखन चरित्र, व्यक्तित्व, मानसिकता आदि का परिचायक होता है अतः पत्र–लेखन एक प्रकार की कलात्मक अभिव्यक्ति है। कुछ महत्वपूर्ण पत्र यहाँ आपके अभ्यासार्थ प्रस्तुत हैं–

1. अपने मित्र दिनेश को पत्र लिखकर प्रतिदिन समाचार–पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
2. अपने बड़े भाई के विवाह अवसर पर निमंत्रित करने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें दो दिन पूर्व से आने का आग्रह हो।
3. अपनी बड़ी बहिन के विवाह अवसर पर सम्मिलित होने के लिए अपनी प्रिय सहेली को निमंत्रण पत्र लिखिए।
4. अपने पिताजी को पत्र लिखकर उन्हें अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी दीजिए। आपकी परीक्षाएँ नज़दीक हैं।
5. अतिआवश्यक पुस्तकें क्रय करने के लिए रूपये 500/– मंगाने के लिए पिताजी को पत्र लिखिए।
6. छात्रावास में रह रहें अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर उसे नियमित अध्ययन करने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दीजिए।
7. हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए अपने प्रिय मित्र को निराश न होने और सफलता के लिए फिर प्रयास करने संबंधित प्रेरक पत्र लिखिए।
8. अपनी माताजी को पत्र लिखकर अपनी छात्रावासी दिनचर्या का संक्षिप्त विवरण लिखिए।
9. पिताजी को पत्र लिखकर उनके स्वास्थ्य और पारिवारिक हालचाल की जानकारी प्राप्त कीजिए।
10. नौसेना में चयनित हो जाने वाले अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।
11. सड़क–दुर्घटना में घायल अपने अभिन्न मित्र की कुशल क्षेम जानने के लिए सवेदना–पत्र लिखिए।
12. अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर टी.वी. कम देखने के फायदे बतलाइए।
13. अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें उसके बाढ़–पीड़ित परिवारजनों को सांत्वना और धैर्य दीजिए।

14. दूसरे राज्य में रह रहे अपने मित्र को अपने जन्मोत्सव कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण लिखिए।
15. अपने चाचाजी को पत्र लिखिए और अपनी पढ़ाई की प्रगति की जानकारी दीजिए।
16. अन्य शहर में रह रहे अपने मित्र को आगामी गर्मी की छुट्टियों के लिए आमंत्रित कर अपने शहर के प्रमुख पर्यटन–स्थलों का उल्लेख कीजिए।
17. अपने मामाजी को पत्र लिखिए जिसमें अपने बैडमिन्टन खेल के शौक का वर्णन कीजिए और प्रार्थना करके आपके लिए रैकेट खरीदने का आग्रह करें।
18. अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन लिखिए और निर्धन छात्र निधि से पाठ्यपुस्तकें दिलवाने का अनुरोध कीजिए।
19. निर्धन छात्रनिधि से छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए।
20. कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के साथ मैत्री क्रिकेट खेलने की अनुमति प्रदान करने के लिये अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए।
21. अपने क्षेत्र के पुलिस थाना प्रभारी को आवेदन लिखकर बढ़ रही चोरी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए पर्याप्त चौकसी व्यवस्था करने का निवेदन करें।
22. अपने क्षेत्र के निगर निगम को शिकायती आवेदन–पत्र लिखकर आपके क्षेत्र में नियमित साफ–सफाई न होने का उल्लेख कीजिए।
23. परीक्षा के दिनों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने के लिये जिला कलेक्टर को आवेदन कीजिए।
24. गरीबी रेखा सर्वे सूची में अपने परिवार का नाम शामिल करवाने के लिये जिला कलेक्टर को पत्र लिखिए।
25. अपने कक्षाध्यापक को पत्र लिखिये जिसमें गणित विषय की अतिरिक्त कक्षा लगाने का उल्लेख हो।
26. परीक्षा नज़दीक आ रही है। प्राचार्य महोदय को अतिरिक्त समय में पुस्तकालय में बैठकर संदर्भ पुस्तकों से अध्ययन करने की अनुमति प्रदारकरने संबंधी आवेदन लिखिये।
27. आपकी बड़ी बहन का विवाह है। प्राचार्य को पत्र लिखकर चाद दिवस के अवकाश हेतु आवेदन–पत्र लिखिये।
28. आपको अंग्रेजी विषय कठिन लगता है। विषय परिवर्तन हेतु प्राचार्य को प्रार्थ7पत्र लिखिये जिसमें सामान्य संस्कृत के चयन का उल्लेख हो।
29. शिक्षक दिवस पर शाला में भव्य आयोजन और अपनी कक्षा के शिक्षक को उसमें सम्मानित किये जाने का आग्रह करते हुए प्राचार्य को पत्र लिखिये।

30. विज्ञान प्रयोगशाला को और अधिक उपयोगी तथा विज्ञान उपकरणों से सुसज्जित करने हेतु प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिये।

31. आपने अभी–अभी विद्यालय में प्रवेश लिया है तथा विद्यालय के छात्रावास में आप रहते हैं। पिताजी को पत्र लिखकर पुस्तकें क्रय करने हेतु कुछ रुपये भेजने का आग्रह कीजिये।

32. आप भोपाल शहर में रह कर अध्ययनरत हैं। अपने पिताजी को पत्र लिखिये जिसमें कुछ समय के लिये माताजी को आपके पास भेजने का आग्रह हो।

33. शरद पूर्णिमा निकट आ रही है। अपने मित्र के साथ बड़े तालाब में नौका विहार करने के लिये उसे आमंत्रण–पत्र लिखिये

34. पत्र लिखना जीवन में क्यों आवश्यक है? इसके महत्व पर प्रकाश डालिये।

35. एक अच्छे पत्र की कुछ प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

# निबंध लेखन

निबंध गद्य की एक विशिष्ट विधा है। निबंध में स्वयं के भावों तथा विचारों को व्यवस्थित रूप से व्यक्त करना ही निबंध लेखन है। इसमें अनुभूतियों और स्वतंत्र चिंतन का सरल, सजीव, संक्षिप्त और मर्यादित विवरण होता है। अच्छा निबंध वही है, जिसमें वैयक्तिकता मूल रूप से विद्यमान हो। निबंध को गद्य की कसौटी माना गया है क्योंकि इसमें भाषा का प्रांजल रूप हमारे सामने आता है। विचारार्थ कुछ महत्वपूर्ण निबंध यहाँ दिये जा रहे हैं।

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए–

1. मेरी कल्पना का भारत
2. वन महोत्सव
3. संचार के नये साधन
4. शिक्षित बेरोजगारी
5. भारतीय समाज में नारी
6. 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'
7. साहित्य और समाज
8. राष्ट्र की वर्तमान ज्वलंत समस्याएँ
9. वर्तमान युग में विद्युत का महत्व
10. दहेज–प्रथा एक अभिशाप
11. मेरे सपनों का भारत
12. यदि वैज्ञानिक अविष्कार न होते
13. पुस्तकालय का महत्व
14. मंहगाई की समस्या
15. जीवन के नैतिक मूल्य
16. पर्वतारोहण : एक साहसिक अभियान
17. सीमाओं के प्रहरी–सैनिक
18. आरक्षण नीति
19. मोबाइल का बढ़ता प्रचलन
20. कम्प्यूटर और आधुनिक जीवन
21. जीवन में खेलों का महत्व
22. परहित सरिस धर्म नहीं भाई
23. विज्ञान के बढ़ते चरण
24. बढ़ता प्रदूषण; उत्तरदायी कौन?

25. आपदा प्रबंधन
26. अतिवृष्टि
27. साहित्य और समाज
28. कम्प्यूटर आज की आवश्यकता
29. गुरु–शिष्य संबंध
30. गुरु का छात्र के प्रति दायित्व
31. राष्ट्रीय एकता और अखण्डता
32. विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
33. स्त्री–शिक्षा की आवश्यकता
34. वृक्षारोपण और वन संरक्षण
35. दूरदर्शन की उपयोगिता
36. वार्षिकोत्सव में आपकी सक्रिय भागीदारी
37. वर्तमान परीक्षा पद्धति : गुण–दोष
38. पाठ्येत्तर साहित्य की जीवन में भूमिका
39. पर्यावरण प्रदूषण
40. देश–प्रेम आज की आवश्यकता